शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 129 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 04 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आज आएगा लोकसभा चुनाव का परिणाम

## आयोग की चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है। करीब 10 लाख अधिकारी मतगणना प्रक्रिया में शामिल







**नई दिल्ली/एजेंसी**

चुनाव आयोग का कहना है कि आज होने वाली मतदान प्रक्रिया के लिए वह पूरी तरह से तैयार है। आयोग की चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है। करीब 10 लाख अधिकारी मतगणना प्रक्रिया में शामिल हैं और कुल राजनीतिक व अन्य को जोड़ दिया जाए तो करीब 70 से 80 लाख लोग इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अन्य दो आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने देशभर में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज आकाशवाणी के रंग भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने चुनाव आयोग की इन चुनावों में प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि इसबार आयोग ने क्या नया सीखा। राजीव कुमार ने कहा कि आयोग के खिलाफ नरेटिव के लिए हमें पहले से तैयार होना चाहिए था। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठने शुरू हो गए। इसका हमने मुकाबला भी किया लेकिन उसमें गलत धारणाओं को बदलने में समय लगा। इसके अलावा उन्होंने गर्मी को भी प्रमुख विषय माना और कहा कि मतदान की प्रक्रिया को इतना आगे नहीं ले जाना चाहिए था। चुनाव आयोग ने बताया कि इस बार करीब 64.2 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें 31.2 करोड़ महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि मतदान की यह संख्या जी7 देशों की डेढ़ गुना और यूरोप की आबादी के पांच गुना है। उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सीईसी ने बताया कि इस बार पिछले आम चुनाव के 540 स्थानों के मुकाबले केवल 39 स्थानों पर ही दोबारा मतदान कराना पड़ा। इनमें से भी अरुणाचल और मणिपुर में 25 स्थान हैं यानि देशभर में लगभग न के बराबर दोबारा मतदान करना पड़ा। इस बार का मतदान हिंसा मुक्त रहा। इस बार आयोग की सख्ती से करीब 10 हजार करोड़ रुपये की जब्ती की गई है। हिंसा के विषय पर चुनाव आयुक्त ने बताया कि कुछ राज्यों पश्चिम बंगाल, मणिपुर, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती आचार संहिता के समय के बाद भी रहेगी। राज्य सरकारों के अंतर्गत यह चुनाव बाद होने वाली हिंसा को रोकने के लिए काम करेंगे। मतपत्रों की गिनती पहले पूरी कर नतीजे घोषित करने के सवाल पर चुनाव आयोग ने कहा कि नियम तय हैं और उसके तहत गिनती होगी। लगातार मतपत्रों से होने वाले मतदान की संख्या में इजाफा हो रहा है।

### चुनाव में 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया

**भारत ने** लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया

सीईसी राजीव कुमार ने सोशल मीडिया पर चुनाव आयुक्तों को 'लापता सज्जन' कहे जाने वाले मीम्स पर कहा कि हम हमेशा से यहां थे, कभी गायब नहीं हुए

दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल, 1.5 करोड़ पोलिंग एवं सुरक्षाकर्मी शामिल थे

2024 के लोकसभा चुनाव कराने में करीब चार लाख वाहन, 135 विशेष ट्रेनें और 1,692 हवाई उड़ानों का इस्तेमाल किया गया

2024 के आम चुनावों में केवल 39 पुनर्मतदान हुए, जबकि 2019 में 540 पुनर्मतदान हुए थे

जम्मू-कश्मीर में चार दशकों में सबसे अधिक मतदान हुआ, कुल मिलाकर 58.58 प्रतिशत और घाटी में 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ

2024 के चुनावों के दौरान नकदी, मुफ्त उपहार, ड्रग्स और शराब सहित 10,000 करोड़ रुपये की जब्ती की गई। 2019 में यह आंकड़ा 3,500 करोड़ रुपये था

आम चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 495 शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया

चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए चुनाव आयोग ने शीर्ष नेताओं को नोटिस जारी किए, कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और शीर्ष अधिकारियों का तबादला किया गया

चुनाव आयोग ने 95-98 प्रतिशत परियोजनाओं में आवेदन के 48 घंटे के भीतर अनुमति दी

## 'अफवाह फैलाना, हर किसी पर संदेह करना सही नहीं...सजा मिलेगी'

**नई दिल्ली/एजेंसी**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार (3 जून) को कांग्रेस नेता जयराम रमेश के उस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले जिला अधिकारियों को कॉल किए और उन्हें धमकाया। उनके आरोपों पर चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी अधिकारी ने किसी भी तरह के "अनुचित दबाव" बनाए जाने की सूचना नहीं दी है। आयोग ने कांग्रेस नेता रमेश से आज शाम 7 बजे तक अपने आरोप के समर्थन में विवरण मांगा है, ताकि कार्रवाई की जा सके।

जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "निवर्तमान गृह मंत्री अमित शाह आज सुबह से जिला कलेक्टर्स से फोन पर बात कर रहे हैं, अब तक 150 अफसरों से बात हो चुकी है, अफसरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है एवं अस्वीकार्य है, याद रखिए कि लोकतंत्र जनादेश से चलता है, धमकियों से नहीं। 4 जून को



जनादेश के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा सत्ता से बाहर होंगे और विपक्षी कठ.ऊकअ गठबंधन विजयी होगा। अफसरों को किसी प्रकार के दबाव में नहीं आना चाहिए व संविधान की रक्षा करनी चाहिए, वे निगरानी में हैं।"

**आरोपों पर चुनाव आयोग ने दी कड़ी प्रतिक्रिया**

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि 'अफवाह' फैलाना और 'हर किसी पर संदेह करना' सही नहीं है। क्या कोई उन सभी को (जिला मजिस्ट्रेट/रिटर्निंग अधिकारी प्रभावित कर सकता है? क्या कोई 500-600 लोगों को प्रभावित कर सकता है? हमें बताएं कि यह किसने किया। हम उस व्यक्ति को दंडित करेंगे जिसने ऐसा किया।

## दूरदर्शन करेगा टी20 विश्व कप मैचों का लाइव प्रसारण

**नई दिल्ली**

प्रसार भारती दो जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप का प्रसारण डीडी फ्री डिश प्लेटफॉर्म पर करेगा। इसके साथ प्रसार भारती कई प्रमुख वैश्विक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का भी प्रसारण करेगा, जिसमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 (26 जुलाई -11 अगस्त 2024), पेरिस पैरालंपिक गेम्स (28 अगस्त - 8 सितंबर 2024), भारत बनाम श्रीलंका (27 जुलाई -7 अगस्त 2024), फ्रेंच ओपन 2024 (8 और 9 जून 2024), विंबलडन 2024 (13 और 14 जुलाई 2024) के महिला और पुरुष फाइनल, भारत बनाम जिम्बाब्वे के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला (6 जुलाई -1 जुलाई 2024) के लाइव एवं स्थगित लाइव और हाइलाइट्स शामिल हैं। यह घोषणा सोमवार को नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने की। इस मौके पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, सीईओ प्रसार भारती गौरव द्विवेदी और महानिदेशक- दूरदर्शन कंचन प्रसाद के साथ सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया एक विशेष गाना 'जज्बा' लॉन्च किया। सचिव ने प्रसिद्ध कथाकार नीलेश मिश्रा की आवाज में सुनाए गए टी20 कार्यक्रम का प्रोमो भी लॉन्च किया। इस मौके पर गौरव द्विवेदी ने मंगलवार को मतगणना प्रक्रिया के लिए दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो दोनों द्वारा की गई विस्तृत व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना की लाइव कवरेज दिन भर दूरदर्शन के चैनलों और ऑल इंडिया रेडियो पर प्रसारित किया जाएगा।

## मालदीव ने प्रतिबंध लगाया तो इजरायल ने कहा भारत जायें

**नई दिल्ली**

इजरायल ने मालदीव में प्रतिबंध के बाद अब अपने नागरिकों को भारत के समुद्र तटों का लुफ्त उठाने की सलाह दी है। इजरायली दूतावास ने इसके लिए भारत के कुछ बेहतरीन तटों की तस्वीरें साझा की हैं।

भारत में इजरायल के दूतावास का कहना है कि मालदीव ने अब इजरायलियों के आने पर बैन लगा दिया है।

## बेबी केयर सेंटर अग्निकांड के आरोपित डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली**

दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने विवेक विहार के बेबी केयर सेंटर में अग्निकांड मामले के आरोपित डॉक्टर आकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने आज जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रखकर आज ही 4 बजे के बाद फैसला सुनाने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान डॉक्टर आकाश की ओर से पेश वकील नवीन कुमार सिंह ने कहा कि डॉक्टर आकाश बेबी केयर सेंटर में बतौर ट्रेनी काम कर रहे थे। वे जनवरी, 2024 से अस्पताल में काम कर रहे थे। नवीन कुमार ने डॉक्टर आकाश की जमानत की मांग



करते हुए कहा कि डॉक्टर आकाश अस्पताल प्रबंधन के निर्देशानुसार अस्पताल के स्टाफ की मदद कर रहे थे।

सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने डॉक्टर आकाश की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि अगर जमानत दी जाती है तो साक्ष्यों और सबूतों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। इस अग्निकांड में बच्चों की मौत हुई है। कोर्ट ने 30 मई को डॉक्टर आकाश और नवीन कीची को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने 30 मई को ही डॉक्टर आकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। विवेक विहार के इस बेबी केयर सेंटर में 25 मई को आग लगने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी। इस अस्पताल में 12 मासूम भर्ती थे। आग लगने पर पुलिस, दमकल विभाग, अस्पताल, स्टाफ और आम लोगों ने किसी तरह अस्पताल की इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद खिड़की के रास्ते सभी 12 बच्चों को निकाला।

## चुनावी नतीजों से पहले पीएम का देशवासियों के नाम संदेश

### पीएम ने कन्याकुमारी में ध्यान साधना के अनुभव किए साझा

**नई दिल्ली/एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के नतीजे कल यानी मंगलवार को आएंगे। उससे पहले पीएम मोदी ने देशवासियों के नाम लेख साझा किया है। वोटिंग के अंतिम चरण से पहले पीएम कन्याकुमारी में तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने ध्यान साधना की। वो 2 जून को दिल्ली लौटे और इसी दौरान उन्होंने अपने ध्यान से जुड़े अनुभवों को लेख के माध्यम से बताया है। लोकतंत्र की जननी यानी भारत में लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव लोकसभा



चुनाव संपन्न हो रहा है। मेरा मन बहुत सारे अनुभवों और भावनाओं से भरा हुआ है, मैं अपने भीतर असीम ऊर्जा का प्रवाह महसूस कर रहा हूं। 2024 का लोकसभा चुनाव अमृत काल का पहला चुनाव है। मैंने कुछ महीने पहले 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की भूमि मेरठ से अपना अभियान शुरू किया था। तब से, मैंने हमारे महान राष्ट्र की लंबाई और चौड़ाई में यात्रा की है। इन चुनावों की अंतिम रैली मुझे महान गुरुओं की भूमि और संत रविदास जी से जुड़ी भूमि पंजाब के होशियारपुर ले गई। उसके बाद, मैं मां भारती के चरणों में कन्याकुमारी आया।

**पीएम बोले- सारे राजनीतिक हमले शून्य में विलीन हुए**

पीएम मोदी ने कहा, "यह स्वाभाविक है कि चुनावों का उत्साह मेरे दिल और दिमाग में गूंज रहा था। रैलियों और रोड शो में दिख रहे लोगों की भीड़ मेरी आंखों के सामने आ गई। हमारी नारी शक्ति का आशीर्वाद... भरोसा, स्नेह, ये सब बहुत ही विनम्र अनुभव था। मेरी आंखें नम हो रही थीं... मैं 'साधना' में प्रवेश कर गया और फिर गरमागरम राजनीतिक बहसें, हमले और जवाबी हमले, आरोपों की आवाजें और शब्द जो एक चुनाव की खासियत हैं... ये सब एक शून्य में विलीन हो गए। मेरे भीतर एक वैराग्य की भावना पनपने लगी... मेरा मन बाहरी दुनिया से पूरी तरह से अलग हो गया।"

## 25 से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं: राजद



**पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में बिहार में महागठबंधन के नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस किया। सभी नेताओं ने बिहार में 25 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया। इसके बाद राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने बड़ी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि हर चरण की मतगणना के बाद सारे प्रत्याशी को संतुष्ट नहीं कर पाये तब तक दूसरे चरण की गिनती शुरू नहीं होनी चाहिए। अगर इस बार भी 2020 की तरह पोस्टल बैलेट का तमाशा देखा गया तो इस बार कड़ा प्रतिकार होगा। कई प्रत्याशियों को 17उ फॉर्म नहीं दिए गए हैं। मतगणना शुरू होने से पहले स्ट्रॉग रूम से काउंटिंग टेबल तक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की अनुमति दी जाए या एक-एक एश्ट की गिनती की पूरी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि इस बार किसी भी तरह की धोखाधड़ी की कोशिश चुनाव आयोग द्वारा की गई तो जनता के पास सबसे बड़ा फोन होगा। मनोज झा ने कहा कि नीतीश कुमार अभी अधिकारियों के विवेक से निर्णय ले रहे हैं। जब वे खुद से फैसला लेंगे तो वह फैसला अलग होगा।

**25 से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं**

मनोज झा ने कहा कि हमारे महागठबंधन के नेता कल दिल्ली और आज चुनाव आयोग के पास गए थे। ये सारी बातें लिखित में चुनाव आयोग को दी गई हैं और मौखिक रूप से भी जानकारी दी जा रही है। मनोज झा ने कहा कि इस बार एग्जिट पोल्स के झांसे में बिहार की जनता फंसने वाले नहीं हैं। हमने जनता का सर्वे देखा है।

## ताज एक्सप्रेस के तीन कोचों में लगी आग पर पाया गया काबू

**नई दिल्ली**

दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार शाम चलती ट्रेन ताज एक्सप्रेस में आग लगने से ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही ड्राइवर ने ट्रेन को रोक दिया। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात ये रही कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। रेलवे ने घटना की जांच के



आदेश दिए हैं। रेलवे डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के अनुसार, जांच में पचा चला कि ताज एक्सप्रेस ट्रेन (12280) के चेयर कार वाले जनरल के तीन डिब्बे डी-2, डी-3 और डी-4 में आग लगी थी। ताज एक्सप्रेस 10 घंटे लेट नई दिल्ली से झांसी जा रही थी। और दोपहर 3 बजे नई दिल्ली से रवाना हुई थी। इसी दौरान ओखला और तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन के डिब्बों में आग लग गई। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सोमवार शाम करीब 4.41 बजे सूचना मिली की सरिता विहार के पास एक ट्रेन में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल विभाग की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने एक घंटे की भीतर आग पर काबू पाया।

## भरोसे के लायक नहीं रहा चुनाव आयोग: कांग्रेस

### भाजपा ने कहा हार देख कांग्रेस ने गढ़ी नई कहानी

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने मतदान सम्पन्न होने के बाद चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं जिसपर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) ने पलटवार किया है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया था उसके जवाब में सोमवार को भाजपा की ओर से तिखी प्रतिक्रिया आई है। जयराम रमेश ने कहा है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसे तटस्थ रहने की जरूरत है। यह एक संवैधानिक संस्था है, हम इसका सम्मान करते हैं क्योंकि इसकी गरिमा है। लोग न केवल पार्टियों और उम्मीदवारों पर बल्कि चुनाव आयोग पर भी नजर रख रहे हैं।

## हाय रे महंगाई: अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाई दूध की कीमतें

### दाल-सब्जी के बढ़े दामों के साथ महंगाई की चौतरफा मार

**नई दिल्ली/एजेंसी**

**चुनाव** बीतते ही उपभोक्ताओं पर महंगाई की जोरदार मार पड़ी है। मदर डेयरी ने भी अपने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले अमूल ने अपने दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी। पिछले हफ्ते ही एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल दरों में पांच फीसदीत की वृद्धि कर दी थी, जिससे आम उपभोक्ताओं का सफर महंगा हो गया था। माना जा रहा है कि आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ सकती है। मदर डेयरी ने आज नए मूल्य जारी करते हुए बताया है कि टोंड दूध अब




54 रुपये प्रति लीटर की बजाय 56 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। गाय का दूध भी अब 56 रुपये प्रति लीटर की बजाय 58 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। फुल क्रीम दूध अब 66 रुपये प्रति लीटर की बजाय 68 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 70 रुपये की बजाय 72 रुपये प्रति लीटर मिलेगा।

**आलू-टमाटर और अन्य सब्जियां महंगी**

इस सीजन में टमाटर और गर्मी में आने वाली सब्जियां अपेक्षाकृत कम दामों पर मिलती थीं, लेकिन इस बार सब्जियों के दामों में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आलू के कम उत्पादन का सीधा असर इस सबसे प्रमुख सब्जी पर पड़ी है। आलू 30-35 रुपये में मिल रहा है, तो टमाटर भी 30 से 40 रुपये किलो मिल रहा है। दूसरी सब्जियां भी महंगी हुई हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**दाल के दामों में बेतहाशा वृद्धि**

अरहर दाल के मूल्य में पिछले 15 दिनों के बीच 50 रुपये प्रति किलो से ज्यादा की वृद्धि हुई है।

खुले बाजार में सबसे कम कीमत वाली अरहर दाल का मूल्य भी 170 रुपये प्रति किलो के करीब है। यदि बेहतर क्वॉलिटी की दाल लेते हैं, तो यह 200 रुपये प्रति किलो या इससे ज्यादा पर बिक रही है। इस तरह आम उपभोक्ताओं के लिए दाल-दूध, सब्जी हर आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर महंगाई की जबरदस्त मार पड़ी है।

# मेजा ऊर्जा निगम बेटियों के हौसलों की उड़ान को पंख देकर उन्हें बनता है सशक्त एवं आत्मनिर्भर

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** माँ मुझे भी स्कूल जाना है, मुझे भी एनटीपीसी में डॉक्टर बनना है। उसके बाद हमारे घर के सभी कष्ट दूर हो जाएंगे। उक्त बातें13 वर्षीय बालिका अंशु अपनी माँ की गोद में सर रखते हुए बड़ी ही उम्मीद एवं आशा के साथ कही। दरअसल पिछले दिनों एनटीपीसी द्वारा चलाए जा रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 के लिए बालिकाओं के चयन के लिए सभी परियोजना प्रभावित गांवों में सर्वे करवाकर बच्चों की प्रवेश परीक्षा करवाई गई थी। जिसमें से एक बालिका अंशु भी थी।

गौरतलब है कि अंशु को जब पता चला कि वह अब एनटीपीसी के स्कूल में एक महीने तक पढ़ेगी तो उसको यकीन नहीं हुआ। वह अपनी माँ से पूछती है मम्मी क्या इस एक महीने बाद मेरा दाखिला एनटीपीसी के सेंट जोसफ स्कूल में हो पाएगा? मेरी फीस कैसे भरी जाएगी। यह प्रश्न अंशु की ही तरह अन्य सभी बालिकाओं में भी उठते हैं, जिसका जवाब उन्हे अभियान के सम्पूर्ण होने पर मिलता है। अंशु कुमारी झड़ियाही गाँव के एक अत्यधिक-गरीब परिवार की बेटी है जिनका जीवन यापन दूसरे के खेतों में मजदूरी करके होता है। अंशु 4 भाई-बहनों में तीसरे नंबर की बेटी है। अंशु से बड़ी दो बहनें हैं जिन्होने सुविधाओं के अभाव में अपनी प्राथमिक शिक्षा भी नहीं पूरी कर पाई हैं और अब माता-पिता उनके विवाह के बारे मे सोच रहें हैं। मेरा हमेशा से एनटीपीसी के स्कूल में पढ़ने का सपना था, मुझे दीदी की तरह नहीं रहना है मुझे ये मौका मिला है और मैं अब खूब मेहनत करूंगी और डॉक्टर बनूँगी और जैसे एनटीपीसी में हम सभी का मुफ्त इलाज होता है वैसे ही मैं भी सभी का मुफ्त इलाज करूंगी और अपने परिवार का नाम रोशन करूंगी।अंशु की ही तरह बाकी सभी बालिकाओं की कहानी भी प्रेरणादायक है जो आसपास के बच्चों में एक नया उत्साह उत्पन्न करती है। ऐसे ही बड़े-बड़े सपने यहाँ हर गाँव हर गली में मिल जाएंगे जिन्हें सिर्फ जरूरत है तो सही मार्गदर्शन की और उनके सपनों को सही दिशा दिखने की जिसका दायित्व मेजा ऊर्जा निगम पिछले 4 वर्षों से निभा रहा है।

मेजा ऊर्जा निगम प्रयागराज से लगभग 50 किलोमीटर दूर कोहड़ार गाँव के पथरीले इलाकों में स्थित है, जहां सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों के बाद भी लोग रूढ़िवादी मानसिकता से अभी तक नहीं उभर पाए हैं। जिनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए एनटीपीसी मेजा द्वारा कई ऐसी पहलों को आगे बढ़ाया जाता है जिससे लोग अपने जीवन को और बेहतर तरीके से जी सकें। यहाँ बालिकाओं के विकास में कई समस्याए रहती हैं जैसे उनका कम उम्र में शादी हो जाना, ज्यादा पढ़ाई न कराना, घर के काम-काज में ही व्यस्त रखना है। इन सभी समस्याओं के निवारण के लिए एनटीपीसी द्वारा समय-समय पर विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, विभिन्न तरह के प्रशीक्षण के मौके दिए जाते हैं जिससे कम शिक्षा के बावजूद इलाके की महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्म-निर्भर बनाया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि जैसे ही यहाँ गर्मियों का आगमन होता है यहाँ आसपास के गांवो में एक खुशी की लहर छा जाती है, हर घर में बेटियाँ जेम कार्यशाला की प्रवेश परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर देती हैं। माँ-बाप भी अपनी बेटियों को लगातार प्रेरित कर उन्हे पढ़ाते हैं ताकि उनका चयन बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला में हो सके और वह अपने साथ-साथ परिवार का भी भविष्य सुधार सके।

**पढ़ाई कर बनूंगी डाक्टर करूंगी मुफ्त इलाज - अंशु कुमारी**



## गंगा महासभा की मासिक बैठक सम्पन्न, पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी 5 जून को



**नैनी।** नैनी पूर्व निश्चित कार्यक्रमानुसार गंगा महासभा प्रयागराज की मासिक बैठक रविवार को सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में लोगों के सुझाव एवं सहमति पर पर्यावरण दिवस पर 5 जून को एक संगोष्ठी डीपीएस स्कूल के पास बंधारोड स्थित मदन वाटिका में आयोजित करने का निश्चय किया गया, जिसमें गंगा महासभा व यमुनापार विकास संघर्ष समिति के साथ ही सभी स्वैच्छिक एवं सामाजिक कार्यकताओं का हार्दिक स्वागत हैं। उक्त जानकारी देते हुए महामंत्री संगठन गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर 16 जून को अरैल के नये पक्का घाट के सामने गंगा जी में दीपदान करने का भी निश्चय किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से शौभिक सरकार, प्रवीण तिवारी, जितेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, विनोद पाण्डेय आदि ने विचार व्यक्त किया।

# जमीन के विवाद में चले पत्थर हुई मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा



**सोरांव।** क्षेत्र के मलाक हरहर (दसमी बाग) के पास शनिवार शाम करीब 9 बजे जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में खूनी संग्राम हुआ। जिसमें एक पक्ष को गंभीर चोटें आई, मामले में पीड़ित पक्ष ने रविवार को फाफामऊ थाने पर शिकायती पत्र देकर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मलाक हरहर निवासी लल्लन प्रसाद पुत्र राजा राम सरोज का आरोप है कि शनिवार खाना खाकर घर के बाहर टहल रहा था तभी गांव के ही दबंग व आपराधिक प्रवृत्ति के राकेश कुमार उर्फ लल्ली पुत्र बद्दू व अभिषेक कुमार पुत्र शंकर लाल तथा शंकर लाल पुत्र जगरूप व रूपचंद पुत्र पितई एक राय होकर पूर्व योजना के तहत लाठी डंडा तथा धारदार हथियार से लैस होकर प्रार्थी के घर पर आए। और गाली गुप्ता देते हुए अचानक मारपीट करने लगे, जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता आरोपियों ने उसको जमीन पर पटक कर प्रयागराज लखनऊ मार्ग के बीच सड़क पर घसीट ले गए। चीख पुकार सुन पीड़ित का छोटा भाई सज्जन संग घर की महिलाएं व ग्रामीण इकट्ठा हो गए तो आरोपियों ने ईंट पत्थर चलाना शुरू कर दिया। प्रार्थी के छोटे पुत्र सज्जन के सिर पर आरोपियों ने धारदार हथियार से मार दिया जिससे सिर फट गया और जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। आनन फानन में पीड़ित के घर वाले घायलों को लेकर फाफामऊ थाने पर जाने लगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस घटना से पीड़ित व पीड़ित का परिवार बहुत डरा सहमा है। फाफामऊ थाने पर शिकायती पत्र देते हुए पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। वही पीड़ित सज्जन को मेडिकल के लिए सोरांव सीएचसी भेजा दिया गया। स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने सज्जन कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर हालत नाजुक है।



## पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव द्वारा पूर्वांचल महासचिव एवं तहसील अध्यक्ष को किया गया सम्मानित

**नैनी।** नैनी सोमवार को कस्बे में अपने मित्रों से जनसम्पर्क के दौरान पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र के द्वारा पत्रकार विकास परिषद पूर्वांचल के महासचिव उत्तर प्रदेश अनिल कुमार मौर्य एवं तहसील अध्यक्ष मेजा रणधीर सिंह को सराहनीय कार्य को लेकर प्रदेश कार्यालय में डायरी देकर सम्मानित किया गया। वही पूर्वांचल महासचिव उत्तर प्रदेश अनिल कुमार मौर्य ने राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जिस तरीके से पत्रकार विकास परिषद द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ संघर्ष करते हुए पत्रकार विकास परिषद भारत परिवार को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का काम करूंगा। वही पत्रकार विकास परिषद के तहसील अध्यक्ष रणधीर सिंह ने भी अपने पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार विकास परिषद भारत की जो जिम्मेदारी दी गई है मैं पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ अपने तहसील क्षेत्र में पत्रकार विकास परिषद परिवार को मजबूत करूंगा।

# भूतपूर्व सैनिक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**बहू की गोली मारकर कर दी थी हत्या, पिछले साल मिली थी जमानत**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** क्षेत्र के सारंगापुर गांव के सामने से निकली मुंबई-हावड़ा रेलमार्ग पर सोमवार की सुबह एक वृद्ध ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। उनकी पहचान सरंगापुर निवासी शिवमूरत तिवारी (80) के रूप में हुई। वह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवमूरत तिवारी मूल रूप से करैली थाना क्षेत्र के करेहदा गांव के रहने वाले थे। वे भारतीय सेना में कार्यरत थे। लगभग बीस वर्ष पूर्व फौज से रिटायर होने के बाद से अपने ससुराल के गांव घूरपुर क्षेत्र के सारंगापुर में आकर बस गए थे। उनके दोनों बेटे राजीव तिवारी और राना तिवारी भी सेना से रिटायर हो चुके हैं।

**बहू की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद पहुंच गए थे थाने :**

मृतक अपनी ही बहू अंजू पत्नी राजीव तिवारी की हत्या के आरोप में जेल जा चुके थे। आरोप है कि गत एक दिसंबर 2016 की सुबह उन्होंने पारिवारिक विवाद में अपनी लाइसेंसी बंदूक से बहू को गोली मारकर हत्या कर दी थी। बहू की हत्या के बाद वह आला कत्ल बंदूक लेकर खुद ही घूरपुर थाने पहुंच गए थे। गांव के लोगों के अनुसार पिछले वर्ष ही जेल से जमानत पर छूट कर आए थे।

# बोलेरो की चपेट में आने से महिला समेत तीन गंभीर रूप से जख्मी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के कांटी गांव के समीप महिंद्रा एजेंसी के पास की है जहां पर बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार पति पत्नी एवं साइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए स्थानीय लोगो द्वारा 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा भेजा गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर तीनों की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बताया जा रहा है कि सुनील कुमार यादव 35 पुत्र लक्ष्मण यादव पत्नी सुनीता यादव 30 निवासी रेही बैजला थाना बारा गौहनिया की तरफ से कांटी की तरफ जा रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आ गए जिससे बाइक बोलेरो के नीचे आ गई वहीं बगल साइकिल से जा रहे राम प्रभाव यादव 75 पुत्र राम सुचित यादव गिरगिटा कांटी भी बोलेरो की चपेट में आ गए जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए सभी को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पहुंचाया गया सूचना मिलने पर परिजन भी रोते बिलखते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और घायलों के साथ इलाज के लिए जिला अस्पताल गए।

## घूरपुर में दो सगे भाइयों के घर में घुसे चोरों ने नगदी सहित ढेड़ लाख की आभूषण किया पार

**घूरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कर्मा पुलिस चौकी के अंतर्गत राजापुर गांव में अज्ञात चोरों ने दो सगे भाइयों के घर से नगदी सहित डेढ़ लाख की आभूषण पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। राजापुर गांव निवासी नंद लाल यादव और राम अभिलाष यादव दोनो सगे भाई है। रविवार की रात रोजाना की तरह दोनों भाई परिजन समेत घर के बाहर सो रहे थे। कि अज्ञात चोर घर के पीछे के दरवाजे को तोड छत के रास्ते अंदर कमरे में घुस दोनो भाई के कमरों से दो बाक्स उठा ले गए ।। सुबह दरवाजा टूटा देख परिजन दंग रह गए। कुछ ही देर बाद घर के पीछे कुछ दूरी पर एक कुंआ के पास खुले हुए दोनो बाक्स पड़े मिले। परिजनो ने बताया कि 15हजार नगद और डेढ़ लाख कीमत की आभूषण चोरी हो गई। शिकायती पत्र पर पुलिस ने जांच पड़ताल की। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

# घर में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** घटना कौवा गांव के गिल्ला का डेरा में रविवार दोपहर संदिग्ध हालत में विवाहिता फंदे से लटकी मिली सूचना पर पहुंची करछना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी मायके वालों ने पति ,सास व ससुर के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी

कौवा गांव के गिल्ला का डेरा निवासी 20 वर्षीय शोमिना पत्नी साहिल का शव रविवार को घर में फंदे से लटकता मिला।सूचना पर पहुंची करछना पुलिस ने देखा कि परिवार के लोगों ने शव फंदे से उतारकर जमीन पर रख दिया था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि साहिल ने बसही कला लालगंज मिजार्पुर की रहने वाली शोमिना से प्रेम विवाह किया था। कौवा गांव में दोनों पति-पत्नी की तरह रहते थे। पुलिस की सुचन पर मायका के लोग पहुंचे।शोमिना के पिता अरमान ने उसके पति साहिल, ससूर राजेश व सास के खिलाफ हत्या का आरोप लगाकर करछना पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को जांच कर रही है।पौस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा। और उसी के आधार पर जांच पड़ताल की जाएगी।

## 112 नम्बर पुलिस को नाम बताने पर मारा पीटा गया जान से मारने की धमकी दी गई

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासी सैयद मकसूद हुसैन पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद युसुफ का आरोप है कि 112 नम्बर की पुलिस ने उससे गांव के एक लोगों का नाम पूछा नाम बताने पर जब 112 पुलिस चली गई तो उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने अरमान, जुनैद और जुनैद की मां नाम अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा लिया है।

## मकान कब्जा करने को लेकर मार पीट

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी शहबाज आलम पुत्र नीयामत उल्ला का आरोप है कि उसके विपक्षी मकान कब्जा करने की कोशिश किए विफल होने पर उनके चाचा इमाम उद्दीन को सराय बादशाह कुली मदारी में जा कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। शहबाज आलम ने मऊआइमा थाने में तजरीर दे कर असजद अली,अशरफ अली,अकरम अली निवासीगण ग्राम सराय बादशाह कुली मदारी तथा अशहद अली,जाहिद अली निवासीगण ग्राम गोपालापुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# माफिया अतीक के तीन करोड़ के दो और फ्लैट मिले, गैंगस्टर में होंगे कुर्क

**प्रयागराज।** पुलिस का पता चला है कि अपार्टमेंट बनने की शुरूआत में ही अतीक ने दो फ्लैट अपने नाम बुक करा लिए थे। फिलहाल, यह नहीं स्पष्ट हो पाया है कि इसके लिए माफिया ने कितने रुपये चुकाए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों ही फ्लैट जब बुक कराए गए तो इनकी कीमत महज 15-15 लाख रुपये थी। यह बात भी सामने आई है कि दोनों ही फ्लैट कुछ समय के लिए किराये पर भी उठाए गए। फिलहाल, पुलिस इनसे संबंधित दस्तावेजों को खंगालने में जुटी है। इसके लिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों की भी मदद ली जा रही है। इन दोनों फ्लैट को गैंगस्टर एक्ट में कुर्क किया जाएगा।

12.42 करोड़ की संपत्ति के मामले में सात को फैसला*उधर, अतीक अहमद की 12.42 करोड़ की बेनामी संपत्ति से संबंधित मामले में गैंगस्टर न्यायालय सात जून को फैसला सुनाएगा। माफिया ने 200 रुपये दिहाड़ी पाने वाले मजदूर हूबलाल निवासी लालापुर के नाम पर यह संपत्ति बनाई थी, जो एयरपोर्ट क्षेत के गौसपुर कटहुला में स्थित है। पिछले साल नवंबर में इस संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट में कुर्क किया गया था। कई महीनों तक मामले में कोई अपील न होने पर पुलिस आयुक्त न्यायालय ने इस मामले को गैंगस्टर कोर्ट में भेज दिया था। सूत्रों का कहना है कि हूबलाल ने यहां भी अपना बयान दर्ज करा दिया है। उसने बताया है कि अतीक ने डरा-धमकाकर यह बेशकीमती जमीन उसके नाम पर लिखाई थी। साथ ही यह भी कहा था कि वह जब चाहेगा, उसे जमीन उसके नाम पर लिखनी पड़ेगी।

## दहेज में मोटरसाइकिल वजह बनी सुमीना की मौत, ससुराल वालों पर केस दर्ज

**करछना।** अरमान पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम बसई कला थाना लालगंज जनपद मिजार्पुर ने करछना थाने में सूचना दी कि उसकी लड़की सोमीना की शादी साहिल उर्फ निरहू पुत्र राजेश उर्फ लड्डू निवासी ग्राम कौवा थाना करछना जिला प्रयागराज के साथ मार्च 2024 में मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी शादी के बाद से ही सोमीना का शोहर साहिल उर्फ निरहू ससुर राजेश उर्फ लड्डू तथा सांस रेशमा प्रार्थी की लड़की से दहेज में मोटरसाइकिल और सोने की अंगूठी की मांग करने लगे मोटरसाइकिल और सोने की अंगूठी में अपनी लड़की को नहीं दे पा रहा रहा था तो उन्होंने धमकी देते कहा दिनांक 2 मई को मुझे मेरी लड़की की ससुराल से सूचना मिली की आपके लड़की ने फांसी लगा ली है हम लोग सूचना पाकर कौवा गांव पहुंचे जहां सोमीना की लाश मिली प्रार्थी को पूरा विश्वास है कि दहेज के लालच में प्रार्थी की लड़की को उक्त तीनों लोगों ने जान से मारा है आत्महत्या दिखाने की कोशिश की गई है उक्त लोग पहले भी फोन पर दहेज को लेकर अक्सर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते रहते थे इस सूचना पर थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 174/24 धारा 304 बी, 498 ए आईपीसी ब 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है जिसकी विवेचना सहायक पुलिस आयुक्त महोदय करछना द्वारा की जा रही

## चोरी की बाइक व तमंचा के साथ तीन गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात चोरी की दो बाइक के साथ तीन युवकों को आजाद पार्क नैनी से गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए शातिरों में रितिक चौधरी, रवि कुमार निवासी दोनों निवासी नीवा थाना धूमनगंज और धूमनगंज के ही हरवारा निवासी विकास कुमार उर्फ कुलदीप है। तीनों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से भी गंभीर मामले दर्ज हैं।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी की ओर से अनुसंधान में आईसीटी के उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की ओर से सोमवार दिनांक 3 जून को ह्लअनुसंधान पद्धतिः अनुसंधान में आईसीटी का उपयोगह्ल विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 252 प्रतिभागियों ने सहभागिता की जिसमें शिक्षक, शोधकर्ता और छात्र शामिल रहे। कार्यशाला का उद्देश्य शोधकताओं को अनुसंधान प्रक्रियाओं में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के उपयोग के प्रति प्रेरित करना था। इस दौरान वक्ताओं ने अनुसंधान में आईसीटी के विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर मधुरेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और आधुनिक शोध में आईसीटी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रो. धनंजय यादव ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों में अनुसंधान के महत्व पर बल दिया। कार्यशाला के एक सत्र में विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव ने अनुसंधान पद्धति के उपकरणों पर एक आकर्षक व्याख्यान दिया। पुस्तकालय क्षेत्र के डॉ. मयंक युवराज ने अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरणों के प्रदर्शन पर चर्चा की। कार्यशाला का समापन नैक (एनएएसी) के समन्वयक प्रो. मनोज कुमार के व्याख्यान के साथ हुआ। प्रोफेसर कुमार ने शोध प्रयासों में आईसीटी के प्रभावी उपयोग को संबोधित किया। उन्होंने वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन भी दिया।



# मतणगना में हो-हल्ला, कड़े सुरक्षा के इंतजाम, डायवर्जन के साथ निगरानी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** तमाम आशंकाओं के बीच प्रयागराज में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया। अब मतगणना को लेकर हो हल्ला, हंगामा और बवाल को लेकर अफवाहें हैं। खासकर एक्जिट पोल आने के बाद भाजपा समर्थक फूले नहीं समा रहे और उत्साह में विजय जुलूस आदि की तैयारी में जुट गए हैं। जबकि सपा और कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के समर्थक अग्रेसिव हैं।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनका अलग नजरिया है। रिजल्ट चाहे जो हो लेकिन तैयारी राजनीतिक दलों ने पूरी कर रखी है। हर कोई अपनी जीत के प्रति उम्मीद लगाए है, विपक्षी दलों के समर्थकों को लगता है है कि मतगणना में हेरफेर की गुंजाइश है, ऐसा उनकी पार्टी के सुप्रीमो आशंका जता चुके हैं। ऐसे में मतगणना स्थल मुंडेरा मंडी पर हंगामे की बानगी तैयार है। हालांकि प्रयागराज कमिश्नरेट और प्रशासन अपनी तैयारी में फुलप्रूफ कर रहा है।





## फोर्स पूरी तरह तैयार, निगरानी शुरू

**प्रयागराज।** पुलिस फोर्स के साथ ही पैरामिलिट्री भी तैयार है। किसी को भी हंगामा और बवाल करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना होगा। मुंडेरा मंडी के अंदर के साथ पूरे इलाके को छावनी में तब्दील करने की तैयारी है। ऐसा 3 जून की शाम से हो जाएगा। प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस अपनी साख और बदनामी बचाने को सुरक्षा के मद्देनजर हर कदम उठा रही है। इसके लिए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा 8 आईपीएस और पैरामिलिट्री कमांडेंटों के साथ तीन बैठक कर चुके हैं। 4 जून को मुंडेरा मंडी जाने वाली सड़क वन वे होगीमतगणना के दौरान आम शहरियों को दिक्कत न हो इसके लिए प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने ट्रैफिक इंतजाम को लेकर खास तैयारी की है। चूंकि मुंडेरा मंडी जहां काउंटिंग होनी है वह प्रयागराज-कानपुर-दिल्ली मुख्य मार्ग है, ऐसे में डायवर्जन लागू किया जाएगा। बाईपास के रास्ते भारी वाहनों को निकालने की तैयारी है। मुंडेरा मंडी से पहले और बाद में बैरिकेडिंग लगा दिए गए हैं। सुलेम सरांय इलाके से ही पुलिस की चेकिंग और वाहनों को डायवर्ट करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सड़क पर कारों की लाइन न लगे इसके लिए अलग से ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### सोशल मीडिया की निगरानी सबसे ज्यादा नजर

बवाल, हंगामा, हो हल्ला, दूसरों को बरगलाने, अफवाह फैलाने वालों को लेकर पुलिस टीमें सबसे ज्यादा सोशल मीडिया को लेकर सतर्क हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी अफवाह न फैलें, वीडियो, फोटो न शेयर हों, झूठी बातें न प्रचारित की जाएं, भीड़ को हंगामा करने पर मजबूर करने वालों पर सख्ती रहे इसे लेकर टीमों को गठन हुआ है। पुलिस आईटी सेल के अलावा कमिश्नरेट ने स्पेशल टीमों को गठन किया है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वाट्सएप ग्रुप, एक्स, फेसबुक समेत अन्य प्लेटफॉर्म पर नजर रखेंगी।

### बीएसएफ, सीआरपीएफ, पुलिस की तैनाती

मतगणना के मद्देनजर पैरामिलिट्री, पीएसी, आरएएफ और पुलिस की तैनाती शुरू हो गई है। केंद्रीय पुलिस बल, बीएसएफ, सीआरपीएफ के साथ पुलिस टीमों को ड्यूटी प्वाइंट समझाया जा रहा है। सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, बीएसएफ, आईटीबीपी, आरएएफ की तैनाती की गई है। करीब 11000 सुरक्षाकर्मी कमान संभालने वाले हैं।

## शराब न देने पर सेल्समैन को जान से मारने की धमकी हवा में की फायरिंग

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के कन्या पाठशाला स्कूल के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर मध्य रात्रि को तीन युवकों द्वारा शराब मांगी गयी दुकान बंद होने की बात कहने पर सेल्समैन अनिल कुमार पुत्र राम सुन्दर निवासी ग्राम शिवलोखरा थाना बहरिया को जान से मारने की धमकी देते हुए हवा में गोली चला दी गई। अनिल कुमार यादव ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो तीनों आरोपी भागने लगे फ्लाइओवर ब्रिज के नीचे एक को उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह मय पुलिस की टीम ने दौड़ा कर दबोच लिया जबकि दो भागने में सफल रहे। पूछताछ के दौरान पुलिस के गिरफ्त में आए युवक ने अपना नाम अंकित कुमार उर्फ छोटू पुत्र सुरेंद्र प्रताप सिंह ग्राम बरसंडा देल्हूपुर प्रतापगढ़ के पास 32 बोर की पिस्टल दो जीवित कारतूस बरामद कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। जबकि फरार साथी अभय कुमार उर्फ प्रिंस पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह, भूपेंद्र प्रताप उर्फ राहुल पुत्र चन्द्र वीर निवासी ग्राम नाभापुर देल्हूपुर प्रतापगढ़ की तलाश में जुटी हुई है।

## चतुर मतदाताओं की चुप्पी ने बढ़ाई धड़कने, कल आएगा परिणाम

**प्रयागराज।** इलाहाबाद संसदीय सीट के लिए शनिवार को संपन्न मतदान के पूर्व तक जहां प्रत्याशी व उनके समर्थक प्रचार के साथ अधिक से अधिक मतदाताओं को येन-केन प्रकारेण अपने पक्ष में करने में जुटे रहे। लेकिन चतुर सुजान आम मतदाता पूरी तरह चुप्पी साध सभी की धड़कन बढ़ाए रखा। मतदान के रुझान अब चाय पान की दुकानों पर हार-जीत को लेकर चचाओं का बाजार गर्म हो उठा है। रविवार को स्थिति यह रही कि मेजा खास, मेजारोड, सिरसा, रामनगर, उंचडीह, उरूवा आदि बाजार के चाय-पान व नास्ते की दुकान, चट्टी-चौराहे रहे हो या फिर खेत-खलिहान, चार लोग जुटे नहीं कि शुरू हो गया हार- जीत की आंकड़ेबाजी का खेल।जमा जुबानी चलने वाले इस खेल में जहां जिस प्रत्याशी हजारों मत के अंतर से जिताया जाता तो पलक झपकते उसी को हरा देने में कोई हिचक नहीं हो रही थी। मतदान के दिन भी मोबाइल के माध्यम से एक दूसरे से लोग लोकेशन लेते दिखे गए किस बूथ पर किसका वोट पड़ रहा है कौन भारी है कौन आगे जा रहा है यही चर्चा हो रही थी।फिलहाल दो और तीन जून को एग्जिट पोल को लेकर लोगों में राजनीतिक सरगर्मियां अधिक तेजी से होने लगी। भाजपा की एक बार फिर सरकार बनते देख लोगों में चचाएं तेज हो गई है। मजे की बात तो यह है कि लोग अपने अपने प्रत्याशी के जीतने और एग्जिट पोल का गलत बताने की कोशिश में लगे रहे।

## छेड़खनी का विरोध करने पर दबंगो ने पीटा

**झूंसी।** चमनगंज बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कुछ लोगो ने बाइक से जा रहे दंपति को रोक कर पिटाई शुरू कर दी। स्थानीय लोगो ने बीच बचाव किया तभी सूचना पर पहुची पुलिस ने मारपीट करने वाले कुछ युवकों को हिरासत में ले लिए। बताया जाता है कि सोमवार की शाम झूंसी कोहना निवासी ऐसी का काम करने वाला अपनी पत्नी को बाइक पर बैठा कर कही जा रहा था। चमनगंज बाजार में बियर की दुकान के पास बैठे कुछ युवकों ने बाइक से जा रहे दंपति को रोक लिया आरोप है कि युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगे विरोध करने पर पति पत्नी दोनों की पिटाई शुरू कर दी। मौके पर अफरा तफरी मच गई। कुछ दुकानदारों ने बीच बचाव किया। शिकायत पर पहुची पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में लिया है। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत की है देर रात तक रिपोर्ट दर्ज नही हुई थी।

## बालू ठेकेदार को झलवा से शिवकुटी तक खदेड़कर फायरिंग, शहर में सनसनी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** झलवा में शनिवार देर रात बालू की सप्लाई को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने बालू ठेकेदार पर हमला बोल दिया। जान बचाकर भागने पर फॉर्च्यूनर समेत तीन गाड़ियों से पीछा किया और रास्ते में फायरिंग भी की। हमलावर पीछा करते हुए शिवकुटी में ठेकेदार के घर तक पहुंच गए। वहां पुलिस ने घेराबंदी कर फॉर्च्यूनर सवार छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो कारों में सवार उनके साथी भाग निकले।अभिषेक यादव(30) गोविंदपुर का रहने वाला है और बालू का ठेकेदार है। उसने पुलिस को बताया कि झलवा निवासी साहिल भी बालू का कारोबार करता है और उसे कई बार धमका चुका था। कहता था कि वह उसके इलाके में बालू की सप्लाई न करे। शनिवार रात 12 बजे के करीब वह अपने एक साथी के साथ बालू गिराने झलवा में गया था।आरोप है कि वहां साहिल अपने एक अन्य साथी संग बाइक से आया और विवाद करने लगा। साथ ही फोन कर अपने कई साथियों को भी बुला लिया जो लाठी-डंडों से लैस थे। यह देख अभिषेक व उसका साथी कार से भागने लगे जिस पर साहिल व उसके साथियों ने तीन कारों से उनका पीछा कर लिया। साथ ही फोन कर चौफटका के पास अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया, जिन्होंने रास्ते में बाइक रखकर उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद भी ठेकेदार नहीं रुका तो कार पर फायरिंग की, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। हालांकि, गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद ठेकेदार भागते हुए गोविंदपुर स्थित अपने घर पहुंच गया और डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही हमलावर भागने लगे। इस पर शिवकुटी थाने के पास घेराबंदी कर फॉर्च्यूनर सवार छह लोगों को पकड़ लिया गया। जबकि, बलेनो व एक अन्य कार सवार हमलावर भाग निकले। पकड़े गए लोगों को थाने लाकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपना नाम साहिल, इसरार, समद, अब्दुल्लला, अरशद व अमित कुमार निवासी झलवा को पकड़ लिया। इसके बाद तहरीर पर हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी श्वेताभ पांडेय ने बताया कि छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके साथियों की तलाश की जा रही है।



## हाईकोर्ट समाचार

### दोस्त की हत्या में आजीवन कारावास पाए तीन छात्र 44 साल बाद बेगुनाह साबित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 44 साल पहले मुजफ्फरनगर डीएवी कॉलेज में बीए के छात्र की हत्या के दोषी तीन दोस्तों को बेगुनाह करार दिया। कोर्ट ने उन्हें मिली आजीवन करावास की सजा रद्द कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर कर खंडपीठ ने राजेश, ओमवीर और एक नाबलिग आरोपी की ओर से सजा के खिलाफ 40 साल पहले दाखिल अपील निस्तारण करते हुए सुनाया। अपील करने वालों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश सहाय और सुनील वशिष्ठ ने दलील पेश की।मामला मुजफ्फनगर थाना सिविल लाइंस के केशवपुरी मोहल्ले का है। अभियोजन की कहानी के मुताबिक छात्र अजय छह जनवरी को ताऊ रघुनाथ के कहने पर अपने साथी राजेश के पास डीजल के पैसे वापस लेने गया था। लेकिन, वह घर वापस नहीं लौटा। रघुनाथ ने आठ जनवरी को भतीजे की गुमशुदगी दर्ज कराई। खोजबीन के बाद राजेश की तलाश शुरू हुई। फिर उसे पुलिस ने मिनाक्षी सिनेमाघर के पास से गिरफ्तार किया। इसके बाद राजेश की निशानदेही पर अजय का शव केशवपुरी मोहल्ले के सुखवीर के किराये के मकान से बरामद किया गया। इस कमरे में ओमवीर रहता था। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मामले में राजेश, ओमवीर और एक नाबालिग के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अभियोजन की ओर से अदालत में 13 गवाह पेश किए गए। इसके बाद मुजफ्फनगर के अपर जिला व सत्र न्यायालय ने 30 जून 1982 को राजेश समेत तीन अभियुक्तों को हत्या और सुबूत मिटाने का दोषी करार देते हुए अजीवन कारावास की सजा सुनाई।सजा के खिलाफ तीनों ने 1982 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अपील के दौरान राजेश, ओमवीर की सुनवाई बतौर वयस्क आरोपी चली, जबकि तीसरे आरोपी को 2017 में नाबालिग घोषित कर दिया गया। हाईकोर्ट ने 44 साल से लंबित अपील का निस्तारण करते हुए तीनों आरोपियों को मिली आजीवन करावास की सजा से बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में पेश अभियोजन के गवाहों की ओर से मृतक के अंतिम दृश्य के संबंध में दिए बयानों में विरोधाभास और शव की बरामदगी संदेहास्पद है।

**मुकदमेबाजी में बीत गई जवानी :** मामले में 44 साल पहले फंसे राजेश और ओमवीर की उम्र अब 60 के पार है। जबकि, सजा पाने के बाद नाबालिग घोषित आरोपी भी अब 59 के करीब है। करीब चार दशक चली मुकदमेबाजी के बाद बेगुनाह साबित हुए तीनों आरोपियों की जवानी खाक हो गई।

### सजा बढ़वाने के लिए सरकार की ओर से दाखिल अपील के खिलाफ सांसद अफजाल के वकील ने दाखिल की आपत्ति

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में मिली सजा बढ़ाने की मांग में दाखिल सरकार की अपील पर सोमवार को अफजाल अंसारी के वकील ने आपत्ति दाखिल की। कोर्ट अब इस मामले में दो जुलाई को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह के समक्ष अफजाल अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी एवं डीएस मिश्र व एडवोकेट उपेंद्र उपाध्याय और राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव ने बहस की। गौरतलब है कि अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए ने चार साल कैद की सजा सुनाई है, जिसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने अपील दाखिल की है। अपील में सजा को रद्द करने की मांग की गई है। विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड के आधार पर मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी और एजाजुल हक पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा कायम किया गया था।हाईकोर्ट ने पूर्व में अफजाल अंसारी की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इस पर अफजाल अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर स्थगनादेश देते हुए हाईकोर्ट को अपील का निस्तारण 30 जून तक करने का निर्देश दिया था। अफजाल की ओर से इस मामले में अपत्ति दाखिल करने का समय मागा गया था। कोर्ट ने तीन जून की तारीख तय की थी। सोमवार को आपत्ति दाखिल होने के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए दो जुलाई की तारीख तय की है।

## कुएं में गिरने से राजमिस्त्री की मौत




अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** मेजा थाना के परवा निवासी राजमिस्त्री की झूंसी स्थित एक कुएं में गिरने से मौत हो गई। मौके पर पहुची पुलिस ने फायर कर्मियों के सहयोग से युवक को बाहर निकाला। पुलिस की माने तो मृतक नशे में था। मेजा परवा निवासी कमल किशोर 32 पुत्र राम लखन राजमिस्त्री है। झूंसी के आवास विकास कालोनी योजना 3 में परिवार के साथ रहता था। सोमवार को वह रेलवे ग्राउंड के बगल स्थित कुएं में गिर गया। वहा खेल रहे बच्चो ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे नई झूंसी चौकी इंचार्ज में फायर कर्मियों की मदद से कुएं में गिरे कमल किशोर को बाहर निकाला तो उसकी सांसे चल रही थी। 108 एंबुलेंस से उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। कमल किशोर के मौत से परिजनों में कोहराम बचा हुआ पत्नी अलका का रो-रो कर बुरा हाल है।

## खरकौनी में हाईटेंशन करंट की चपेट में आया छात्र, गंभीर

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के खरकौनी इलाके में रहने वाले किसान विष्णु दत्त ओझा का बेटा किशन ओझा (14) दोपहर में अपने घर की छत पर फैलाए गए कपड़े उतारने गया था। इस दौरान बारजे के पास से गुजरी लाइन के हाईटेंशन करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने उसे रामबाग स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। परिजनों के मुताबिक सोमवार को उसे पीजीआई लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

## तेजगति वाहन की टंकार से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**करछना।** साइकिल सवार अधेड़ की वाहन की टंकार लगने से घायल की इलाज के दौरान मृत्यु मृतक के परिजनों ने एक्सीडेंट का मुकदमा सुशील पटेल पुत्र इंद्रजीत पटेल निवासी ग्राम भरहा थारी थाना करछना जनपद प्रयागराज द्वारा कि उनके पिता इंद्रजीत पटेल अपने घर साइकिल से मेजा रोड गांव दिलवा कम से जा रहे थे कि जैसे ही गधियाव प्रकाश हॉस्पिटल के सामने पर पहुंचे विपरीत दिशा से फोर व्हीलर गाड़ी वेगनर टल्ठ 04 एल 1727 के चालक ने तेजी वा लापर वाही से टक्कर मार दी राहगीरों ने मेरे पिता को वैगनआर चालक वैगनआर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गए इलाज के दौरान डॉक्टर ने पिता को मृत्यु घोषित कर दिया गया उक्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग वाहन संख्या एम 04 एल ए 1727 वैगन आर के चालक संदीप गौड़ पुत्र जवाहर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

## मतगणना की तैयारी पूरी लेकिन भाजपा की नीयत पर भरोसा नहीं : सपा

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सपा नेताओं का कहना है कि उनकी तैयारी पूरी हो चुकी है लेकिन सत्ताधारी पार्टी भाजपा की नीयत पर भरोसा नहीं है। सोमवार की दोपहर प्रेस क्लब में आयोजित वार्ता में सपा पदाधिकारियों ने कहा कि अगर सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने मतगणना के दौरान धांधली करने का प्रयास किया तो पार्टी इसका संवैधानिक तरीके से विरोध करेगी।स्थानीय सपा नेताओं ने प्रेसवार्ता में रविवार दो जून को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सोशल मीडिया पर जारी बयान और आशंका का हवाला देते हुए कहा कि एग्जिट पोल के बहाने देश की जनता को गुमराह किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि ऐसा भाजपा के इशारे पर किया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इससे परे है। सपा नेताओं ने कहा कि गठबंधन के मतगणना अभिकर्ता पूरी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त हैं और पूरी मुस्तैदी से मतगणना कराएंगे। कहा कि गठबंधन के नेताओं ने पहले बैलेट पोस्टल की गणना कराए जाने की मांग की थी। आयोग ने भी कहा है कि मंगलवार को पहले बैलेट पोस्टल की ही गणना होगी।प्रेस वार्ता में एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि जिले की सभी 12 विधानसभाओं में गठबंधन के सक्रिय और जागरूक कार्यकर्त्ता मतगणना एजेंट बनाए गए हैं। इसमें अधिवक्ता, शिक्षक एवं सेवा निवृत्त सैनिक आदि शामिल हैं। मतगणना की शुरूआत में फार्म 17 सी का मिलान कराने एवं पड़े मतों का मिलान करने के बाद ही आगे मतगणना कराने का निर्देश एजेंटों का दिया गया है। प्रेसवार्ता के दौरान गंगापार अध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, विधायक विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, संदीप यादव, मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर आदि की मौजूदगी रही।

## देर रात दो हॉस्टलों में भिड़ंत के बाद पथराव- बमबाजी, भोर तक चला बवाल, तीन गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में दो हॉस्टल के छात्रों के विवाद में शनिवार रात जमकर पथराव व बमबाजी हुई। इविवि यूनियन हाल गेट के पास हॉलैंड हॉल व एसएसएल हॉस्टल के छात्रों के बीच देर रात शुरू हुआ विवाद भोर तक चला। घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि उनके दो साथी फरार हैं। उधर सुबह दोनों हॉस्टलों में सर्च ऑपरेशन चलाकर 10 बम व बारूद समेत बम बनाने की अन्य सामग्री बरामद की गई।पुलिस सूत्रों का कहना है कि दो दिन पहले दोनों हॉस्टल के छात्रों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए थे। शनिवार देर रात एक बार फिर विवाद शुरू हो गया। इसके बाद दोनों हॉस्टलों से ईंट-पत्थर चलाने के साथ ही बम पटके जाने लगे। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। फिर थाने की फोर्स के साथ ही एसीपी कर्नलगंज भी पहुंच गए। पुलिस ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने और एक-दूसरे पर हमलावर बने रहे। भोर तक दोनों ओर से ईंट-पत्थर व बम चलाए जाते रहे। मामला शांत न होता देख पुलिस ने खदेड़ा तो हमलावर भागने लगे और इस दौरान तीन युवक पकड़ लिए गए। थाने में पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मृत्युंजय कुमार निवासी गाजीपुर, सौरभ दीक्षित निवासी देवरिया और अंकित कुमार निवासी औरंगाबाद बिहार बताया। इनमें से अंकित एसएसएल व अन्य दोनों हॉलैंड हॉल हॉस्टल में रहते हैं। देर शाम बमबाजी व अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दो आरोपी विजय यादव व आश्रय अभी फरार हैं। एसीपी राजीव कुमार यादव ने बताया कि दोनों फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नैनी सेंट जॉन्स एकेडमी में कैडेटों को दी गई साइबर क्राइम से बचने की जानकारी





**नैनी।** नैनी सेंट जॉन्स एकेडमी करछना में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-63 में सोमवार को एनसीसी कैडेटों को वर्तमान समय में हो रहे साइबर क्राइम से संबंधित विस्तृत जानकारी साइबर क्राइम के विशेषज्ञ सब इंस्पेक्टर हरिओम सिंह एवं इंस्पेक्टर कुसुम लता द्वारा दी गई। साइबर क्राइम के विशेषज्ञों द्वारा कैडेटों को अपने इलेक्ट्रॉनिक डाटा को मजबूत पासवर्ड द्वारा सुरक्षित रखने तथा किसी अनजान व्यक्ति को साझा न करने की जरूरत बताई गई । सब इंस्पेक्टर हरिओम ने कैडेटों को मोबाइल के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी तथा किसी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर जरूरी मोबाइल नंबरों की सूची उपलब्ध कराई। सब इंस्पेक्टर कुसुम लता ने विशेष रूप से गर्ल्स कैडेटों को उनके साथ होने वाली किसी भी तरह के शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न से बचने के लिए अत्यंत आवश्यक मोबाइल नंबरों की जानकारी दी। साथ ही साथ उन्हें उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने तथा इससे बचने के आवश्यक उपाय भी सुझाए। कैंप कमांडेंट कर्नल पी एस महापात्रा ने सब इंस्पेक्टर महोदय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस आयोजन का संचालन कैंप एडजूटेंट मेजर राजेश कुमार तिवारी ने किया । इस अवसर पर डेप्युटी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर प्रसाद लेफ्टिनेंट बालेंद्र कुमार मिश्रा, लेफ्टिनेंट अभिजीत, सूबेदार मेजर रवि सिंह, चीफ ऑफिसर सेवालाल, थर्ड ऑफिसर सरफराज अहमद, सूबेदार राजेंद्र कुमार, नायब सूबेदार सुरेश कुमार, नायब सूबेदार मनोज कुमार, बी एच एम योगेश कुमार, हवलदार देवेंद्र सिंह, हवलदार पुष्पेंद्र सिंह, हवलदार वीरेंद्र सिंह, हवलदार श्यामवीर सिंह, जीसीआई वर्षा केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## शुआट्स कैंपस सेलेक्शन में 84 को मिली सफलता

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में चार कंपनियों जूबलिएन्ट फूर्ड वर्क लि., वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स लि0, इण्डिया मार्ट इण्टरमेस लि0 एवं फारमरफेस ऑर्गेनिक टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट प्रा. लि. द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राईव में 84 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई। निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड प्लेसमेन्ट प्रो. डा. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में कई चरण के साक्षात्कार के बाद फाइर्नल में कुल 84 बच्चों को सफलता मिली। जूबलिएन्ट फूर्ड वर्क लि मे बीएससी एग्रीकल्चर, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी फूड टेक, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी फूड टेक, बीटेक फूड टेक, बीएससी फूड एण्ड न्यूट्रीशन, बीटेक एग्रीकल्चर के 51 बच्चों ने सफलता पाई। वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स लि0 में बीटेक एग्रीकल्चर के 6 बच्चे सफल घोषित हुए। इण्डिया मार्ट इण्टरमेस लि0 में एमएससी एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेन्ट व एमबीए एग्रीबिजनेस के दो बच्चों का चयन हुआ। फारमरफेस ऑर्गेनिक टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट प्रा. लि में एमबीए एग्रीबिजनेस, बीएससी एग्रीकल्चर व एमएससी एग्रीकल्चर के 25 बच्चों का चयन हुआ।

डा. त्रिपाठी ने कहा कि कई राष्ट्रीयकृत कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है जल्द ही अन्य कंपनियों द्वारा कैंपस साक्षात्कार आयोजित किये जाने की संभावना है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया। कुलपति, मोस्ट रेव्ह प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

# 37 घंटे बाद कालाकांकर पावर हॉउस के बाजिदपुर फीडर की बिजली हुई बहाल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** चक्रवती आधी तूफ़ान पानी के चलते रविवार की भोर पई लगभग 3 बजे से बिजली आपूर्ति ब्यवस्था चरमरा जाने से समुचे पावर हॉउस कालाकाकर की बिजली गुल हो जाने से हाहाकार मच गया लोग जल निगम के पानी के लिए तरस गये रविवार की देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे कालाक़ाकर व मुरस्सापुर गांव के आधी बस्ती को सप्लाई मिल सकी।

आलापुर फीडर की भी सप्लाई लगभग 8 बजे बहाल हो गई बाजिदपुर फीडर के मुरस्सापुर परियावां पाईकगंज बाजार व बाजिदपुर को समाचार भेजे जाने तक बहाल नही हो सकी क्योंकि सबसे ज्यादा बिजली के पोल बाजिदपुर फीडर की लाइन पर आंधी तूफ़ान पर टूटकर गिरे हुए थे रविवार की सुबह से एसडीओ राहुल वैश्य व जेई ब्रजेश कुमार यादव व लाइनमैंन शुभम सिंह, सुरेश सिंह भदौरिया बब्बू, राजेंद्र, बबलू बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए भीषण गर्मी की प्रवाह न करते हुए बिजली के लोहे के खभे व अल्मोंनियम के गर्म गर्म तार



आपूर्ति बहाल करने के लिए कार्य मे जुटे हुए लाइन मैन।

## बिजली व पानी के लिए मचा रहा हाहाकार

को हाथो से खींचकर खम्भे पर बांध रहे थे जिनकी मेनहनत देखकर लोगो को तरस आ रहा था। एसडीओ के मुताबिक पहले परियावां व पाईकगंज बाजार की सप्लाई 5 से 6 बजे के बीच मे बहाल करने की बात कही सोमवार को भीषण गर्मी का पारा चढ़ जाने से लोग पसीने पसीने हो रहे थे। 36 घंटे लगातार पानी व बिजली की समस्या से क्षेत्र वासी त्राहि त्राहि कर रहे है।

शनिवार की रात तो लोगो ने किसी तरह पार कर लिया लेकिन रविवार को एक एक पल कटना मुश्किल हो रहा है। इसी क्रम मे जनवाम्ऊ फीडर से जुड़े क्षेत्र नान्हूकापुरवा गांव मे आंधी तूफान के चलते खम्भे पर लगा ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया। रविवार की शाम तक जनवामऊ, अंसारगंज, अस्थान ,छिंदौरा, शेखा मोहम्मदपुर, झुकवारा, मुराइन का पुरवा, टेढ़िया, कुनबिन का पुरवा लाला का पुरवा आदि गांव मे बिजली पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी को लेकर जानवर प्यास के मारे तड़प रहे है। समाचार भेजे जाने तक बिजली बहाल नही हो सकी इस बाबत

## दूसरे दिन भी बिजली सप्लाई पर आंधी पानी का दिखा असर, जरूरी सेवाएं रहीं प्रभावित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तेज आंधी और पानी के चलते लड़खड़ाई विद्युत व्यवस्था दूसरे दिन भी ग्रामीण अंचलों में लोगों की परेशानी में देखी गयी। विभाग द्वारा गिरे खम्भों को ठीक करने के साथ टूटे तार जोड़े जाने की मशक्कत सोमवार को भी कड़ी धूप में देखी गयी। वहीं लालगंज के पड़री गांव में शनिवार को ट्रांसफार्मर जल उठने से गांव के लोग गर्मी में बेहाल देखे जा रहे हैं। सोमवार को नगर में भी बिजली की सप्लाई ओवरलोड के कारण आती जाती देखी गयी। सरस्वती विद्या मंदिर के पास खम्भा गिरने से काफी हिस्से में आपूर्ति रविवार की रात से लेकर सोमवार को भी बहाल न हो सकी।

बिजली आपूर्ति में बाधा के चलते पेयजल टंकियों से पीने के पानी की भी सप्लाई समुचित नहीं हो पा रही है। पड़री गांव के लोगों ने एसडीओ विद्युत से मिलकर गांव के जले ट्रांसफार्मर को बदले जाने की मांग उठायी है। वहीं आंधी पानी के चलते सोमवार को लोग अपने घरों मे गिरे टिन को ठीक करने में मशक्कत करते दिखे। आंधी पानी के चलते विद्युत सप्लाई बाधित होने से लोगों को गर्मी में परेशानी में देखा गया। वहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होने से संचार सेवा भी पिछले दो दिनों से इलाके में ध्वस्त बनी हुई है।

एस डी ओ संग्रामगढ़ अनिल कुमार यादव का कहना है कि खम्भे व तार टूट जाने से आपूर्ति बहाल होने मे परेशानी हो रही है प्रयास मे लगे है कि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल हो जाए।

## दो बच्चों का पिता प्रेमिका संग फरार, पत्नी ने थाने में दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो बच्चों का पिता प्रेमिका के साथ पत्नी और बच्चों को छोड़ कर फरार हो गया। पीड़िता पत्नी ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव की रहने वाली गीता पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका पति उमेश पाल शादी के बाद से ही उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करता चला आ रहा है। हद तो तब हो गई जब वह रविवार की रात नौ बजे अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। प्रेमिका के परिजन जब उसके घर पहुंचे तो पत्नी को पति के प्रेमिका के साथ फरार हो जाने की जानकारी हुई। पीड़िता विवाहिता अपनी मां के साथ सोमवार की सुबह मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और पति के विरुद्ध गंभीर आरोपों की तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है शिकायती पत्र मिला है, मामले की जांच की जा रही है।

## मतगणना स्थल पर बिना पास के किसी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं: एडीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि दिनांक 04 जून 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना नवीन महुली मण्डी स्थल पर की जायेगी। उन्होने बताया है कि मतगणना स्थल पर ईवीएम के मतगणना कार्मिक (गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक और माइको आब्जर्वर), पोस्टल बैलेट के मतगणना कार्मिक (गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर) तथा प्रत्याशी/एजेन्ट मोबाइल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, ज्वलनशील पदार्थ अथवा पानी की बोतल, इलेक्ट्रानिक वाच आदि कोई भी सामग्री नही ले जायेगें, इन्हें पूर्णतया प्रतिबंधित रखा गया है। उन्होने कहा कि बिना पास के किसी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी, मतगणना अभिकर्ता मतगणना दिवस को सुबह 7 बजे तक मतगणना केन्द्र पर प्रवेश कर लेगें।

ईटीपीबीएमएस में लगे गणना सुपरवाइजर एवं ईवीएम के मतगणना में लगे कम्प्यूटर आपरेटर स्कैनिंग हेतु अपना मोबाइल फोन ला सकते है और ओटीपी प्राप्त होने के उपरान्त मोबाइल फोन को स्वीच ऑफ कर देंगे। उन्होने बताया है कि मतगणना प्रातः 8 बजे शुरू होगी, मतगणना शान्तिपूर्ण तरीके से सभी के सहयोग सम्पन्न करायी जा सके इसके लिये जिलाधिकारी द्वारा सभी से सहयोग एवं मतगणना के पश्चात् जनपद का माहौल शान्तिपूर्ण रहे इसके लिये चुनाव परिणाम आने के बाद किसी प्रकार के विजयी जुलूस न निकालने की अपील की गयी है।

### आज बंद रहेगी आबकारी की दुकानें

उधर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत दिनांक 04 जून 2024 को मतगणना दिवस के दिन जनपद की समस्त आबकारी दुकानें (देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी एवं एफ0एफ0-16/17 की फुटकर विक्री की दुकानें तथा देशी, विदेशी मदिरा एवं बियर की थोक दुकानें) बन्द रहेंगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। उन्होने कहा कि इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# विपक्षी दल के नेताओं को हराने का अधिकारियों को है सत्ता दल का दबाव: एसपी पटेल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मतगणना शुरु होने के 16 घंटे पूर्व प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल ने आज प्रेसवार्ता कर अधिकारियों पर विपक्षी प्रत्याशी को हराने के निर्देश का दबाव सत्ता दल के नेताओं द्वारा डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि हमें अधिकारियों पर पूरा विश्वास है कि मतदान की तरह मतगणना भी निष्पक्ष रुप से कराएंगे। इसके लिये उन्होंने अपने अभिकर्ताओं से भी मतगणना में सतर्क रहने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा ठीक ढंग से हो रही है और ईवीएम में भी कोई गड़बड़ी की आशंका भी नहीं है। इसके अलावा उन्हें जनता का जो समर्थन मिला है, उस पर वह अपने परिणाम

## पत्रकारवार्ता में सपा प्रत्याशी बोले, ईवीएम से शिकायत नहीं, एग्जिट पोल को बताया फर्जी



पत्रकारवार्ता में बोलते सपा प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल।

के प्रति आश्वस्त हैं। इग्जिट पोल पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल ने कहा कि बड़े घरानों द्वारा चलाये जा रहे चैनलों को सत्ता दल से लाभ मिलता है जिसके आधार पर वे सत्ता के पक्ष में पोल करते हैं। इससे विपक्षी नेताओं का मनोबल टूटता है। पत्रकारवार्ता में पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव मुन्ना, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## छप्पर पर गिरा आम का पेड़, दबने से अधेड़ की मौत, पत्नी घायल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भोर में आई आंधी तूफान ने इस कदर कहर ढहाया कि छप्पर के नीचे सो रहे अधेड़ की छप्पर पर पेड़ गिरने से मौत हो गई।और उसी पत्नी गंभीर रप से घायल हो गई। जैसे ही मामले की जानकारी पुलिस को हुई तो पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के अंदेवरी गांव निवासी लालमणि यादव (55) वर्ष व उसकी पत्नी जड़वती देवी घर के बगल बने छप्पर में सो रहा था। रविवार की भोर साढे तीन बजे तेज हवा व बारिश के चलते एक आम का पेड़ छप्पर पर गिर पड़ा और वह छप्पर के मलबे के नीचे दब गया। यह देख

### सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

परिजन हल्ला गुहार मचाने लगे। हल्ला गुहार सुनकर गांव के लोग पहुंच कर किसी तरह मलबे को हटाकर बाहर निकाले और इलाज हेतु जौनपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान लालमणि की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी का अभी इलाज चल रहा है। परिजन इसकी सूचना पुलिस को दिए सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पट्टी कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि परिजनों द्वारा जानकारी मिलने पर पुलिस गई और पंचनामा भर शव को पीएम के लिए भेज दिया। अधेड़ के पुत्र लक्ष्मण यादव, धर्मेंद्र यादव व पुत्री अनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल था ।

# नेहरु युवा केन्द्र द्वारा हरिप्रताप सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केन्द्र द्वारा नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय में एक शोक सभा उपनिदेशक समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें नगर पालिका परिषद बेल्हा पतापगढ के अध्यक्ष/पूर्व विधायक हरिपताप सिंह के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपनिदेशक ने कहा कि हरिपताप सिंह का निधन एक अपूर्णीय क्षति है। ईश्वर इस अपार दुख को सहन करने की परिवार जनों को सहन शक्ति प्रदान करे। प्रमुख समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0सिंह, पूर्व फारेस्टर



स्व0 हरिप्रताप सिंह को श्रद्धांजलि देते पदाधिकारी।

धीरेन्द्र पसाद पांडेय एन0वाई0के0 के राज्य पशिक्षक विश्व जीत सिंह तथा समस्त स्टाफ व नगर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे सभी ने नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष/पूर्व विधायक हरिपताप सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उनके निवास एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम स्थल पर जाकर उपनिदेशक श्री सिंह व अन्य सभी ने दिवंगत नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दिवंगत नगरपालिका परिषद अध्यक्ष के लघु भ्राता विनय प्रताप सिंह बब्बू व सुपुत्र विशाल विक्रम सिंह एवं परिवार जनों को ढांढस बंधाया।

## बच्चा बैंक के नन्हें मुन्नों के डांस ने सभी का मन मोहा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वावधान में फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में चल रहे फन समर कैंप में डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। कैम्प में बैठे लोगों ने तालिया बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

मुरलिया दे दो राधा...। ले चलब यूपी बिहार...गाने पर रुचिका और आदित्य ने जमकर नृत्य किया। उनके डांस को देखकर बच्चे ताली बजाकर डांस करते नजर आए। इसके अलावा खुशी और विजय ने भी डांस की सुंदर प्रस्तुति दी। टीचर दामिनी की देखरेख में बच्चों ने डांस की प्रस्तुति दी। प्रिंसिपल शनि ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच मिलता है। जो आगे जाकर जिले और परिवार का नाम रोशन करते है। उन्होंने बताया कि डांस कंप्टीशन में रुचिका और आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संचालन हिमांशु ने किया। रागिनी, अंतिमा, सिमरन, अजय, सत्यम, अंश कुमार, रुबिका, निहारिका समेत कई छात्र और छात्राओं ने भाग लिया।

# उद्योग व्यापार मण्डल का त्रैवार्षिक निर्वाचन 29 व 30 जून को

## प्रांतीय चुनाव के लिये प्रतापगढ़ पहुंचे प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने आज जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि उद्योग व्यापार मण्डल का 21वां त्रैवार्षिक निर्वाचन 29 व 30 जून को लखनऊ के मोती नगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में होगा।

कार्यक्रम की सूचना सभी प्रांतीय सदस्यों, पदाधिकारियों को संविधान



व्यापारियों की बैठक में मौजूद प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल।

के नियमानुसार एक माह पूर्व भेजी जा चुकी है। इस बीच यहां के पदाधिकारियों को आमंत्रित करने के लिये आज प्रतापगढ़ आया हूं। उन्होंने कहा कि चुनाव की सूचना फेसबुक, ईमेल व वाट्सअप पर भेजा गया है फिर भी आप सबके बीच आकर आप लोगों को आमंत्रित करने आया हूं। बैठक में मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने प्रांतीय अध्यक्ष का स्वागत किया। बैठक में जिलाध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष सुरेश केसरवानी, महामंत्री संजय सोनी, कोषाध्यक्ष अभय खण्डेलवाल, संगठन मंत्री सरदार महेन्द्र सिंह, शिवम केसरवानी, नारायण खण्डेलवाल, मोहनगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शीतला प्रसाद अग्रारि, संगठन मंत्री सरदार कुलविन्दर सिंह, नगर युवा अध्यक्ष अख्तर राईन, जिला मंत्री राहुल केसरवानी, धर्मेन्द्र यादव, सुनील जायसवाल, प्रांतीय सदस्य अभिषेक केसरवानी, पवन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सिलाई सेंटर से घर लौट रही महिला की इज्जत लूटने का प्रयास

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह सिलाई सेंटर से अपनी बेटी के साथ वापस घर आ रही थी इस दौरान दूसरे गांव के रहने वाले युवक ने उसकी इज्जत लूटने का प्रयास किया। विवाहिता ने गंभीर आरोपों की तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बता दें थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने आसपुर देवसरा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह अपनी बेटी के साथ सिलाई सेंटर पर गई थी। शनिवार की शाम वापस घर आते समय उसके साथ रास्ते में दूसरे गांव के युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने के साथ ही इज्जत लूटने का प्रयास किया। आरोप हैं कि बीते एक साल से उसके पीछे आरोपी युवक पड़ा हुआ है और पूर्व में भी दो-तीन बार उसकी इज्जत लूटने का प्रयास कर चुका है। सिलाई सेंटर से घर आते समय पुनः इज्जत लूटने का प्रयास किए जाने से डरी-सहमी विवाहिता ने हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा संतोष सिंह ने बताया महिला की तहरीर पर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# दरोगा के घर की बॉउंड्री वाल गिराई, मतगड़ना में व्यस्त है पुलिस, दबंग उठा रहे फायदा

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** पुलिस विभाग मे सहायक निरीक्षक के पद पर तैनात बाघराय थाना क्षेत्र के पंचमहुवा के भट पुरवा के रहने वाले उमेश तिवारी के घर की बॉउंड्री वाल को पट्टीदारो ने गिरा दिया। यही नही उनके घर पर ताला बंदी कर के अपने नाम की नेम प्लेट भी लगवा दिया। दरोगा उमेश तिवारी हमीरपुर जनपद के राठ कोतवाली में तैनात है और उनका परिवार भी उनके साथ रहता है।

आरोप लगाया है कि बीती रात उनके पट्टीदार जो खुद सेवनरीवित्त दरोगा है। अपने परिजनों के साथ उनकी बाउंड्री वाल गिरा दिये और

## हमीरपुर मे तैनात पीड़ित दरोगा के घर पर लगाया ताला और गिरवा दिया बॉउंड्री



दबंगों द्वारा तोड़ी गई बाउंड्री वाल।

उनके घर मे ताला बंदी कर दिया। साथ ही अपने नाम की पट्टी भी दरोगा उमेश के घर ओर टांग दिये। इस बात की सूचना जब सुबह उन्हें मिली तो पीड़ित ने दूरभाष के जरिये कोतवाली बाघराय को दिया और परिजनों को तहरीर देने के लिए बाघराय भेजा। इस सम्बन्ध मे बाघराय थाना प्रभारी निकेत भारद्वाज से बात की गयी तो उन्होंने बताया की घटना के सम्बन्ध मे उन्हे फोन से जानकारी मिली है, मौके पर फोर्स भेजकर दोनो पक्षों को थाने बुलाया गया है, तहरीर मिलने के बाद विधि सम्मत कार्यवाई की जाएगी और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़े कदम उठाये जाएंगे। अब देखना ये है की अपने ही बिभाग के पूर्व और वर्तमान दरोगा के लगे पुलिस कैसी कार्यवाई को अंजाम देती है। बताते चले की मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच जमीनी विवाद पहले से चल रहा है लेकिन इस तरह की कार्यवाई कितनी जायज है ये तो पुलिस ही बताएगी। फिलहाल घटना के बाद गांव मे तनाव का आलम है और समय रहते उचित कार्यवाई नही की जाती तो संघर्ष बढ़ सकने से इंकार नही किया जा सकता।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिशन हुई मारपीट को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के दलापटटी गांव निवासी बृजराज सरोज की पत्नी धनराजी देवी ने सोमवार को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार की शाम वह अपने घर पर मौजूद थी। रंजिशन गांव के राकेश सरोज की पत्नी रिया देवी अपने पुत्र के साथ पहुंची। आरोपियों ने पीडिता के साथ गालीगलौज शुरू की। विरोध करने पर आरोपियों ने पीडिता व उसके पति को लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# दुष्कर्म पीड़िता का थाने पर हंगामा, कार्यवाही न होने पर किया बवाल

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म की पीड़ित महिला ने महेशगंज थाने पर आज जमकर हंगामा किया और मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से थाने पहुंचकर धरने पर बैठ गई। मामला बढ़ता देख पुलिस कर्मियों मे हड़कंप मच गया फिर किसी तरह से उसे शांत कराकर घर भेजा।

महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर निवासी एक विवाहित महिला का आरोप है की बीते 18 अप्रैल को गांव के प्रधान और उसके साथी ने शौच करते जाते समय दुष्कर्म किया था। उसके बाद उसकी शिकायत पर पुलिस ने पहले छेड़खानी का मुकदमा उक्त दोनों और आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया। पुलिस की ढीली कार्यवाई से नाराज महिला ने कोर्ट में बयान

### गाँव के प्रधान और उसके साथी पर है दुष्कर्म का आरोप

दर्ज करवाया फिर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई। मामले में पीड़िता ने विवेचक पर आरोप लगाया कि न्यायालय में पीड़िता का दंड प्रक्रिया संहिता के तहत 164 का बयान अभिलिखित होने के बाद भी सामूहिक दुष्कर्म की बात सामने आने पर भी विवेचक द्वारा अभी तक पंजीकृत अभियोग में धारा बढ़ोतरी नहीं की गई। जबकि विगत दिनों में आरोपी ग्राम प्रधान और उसका साथी महेशगंज थाने में जाकर थाने में बैठकर उनसे साठ गांठ करके पैसे का लेन देन करते हुए प्रकरण में लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं। विवेचक द्वारा आरोपियों को बचाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। आरोपी लगातार पीड़िता की परिवार समेत हत्या करने की धमकी दे रहे है। जिससे नाराज पीड़िता शुक्रवार को थाने पहुँची धरने पर बैठ गई तथा अपने फोन से सोशल मीडिया पर लाइव कर दिया, जिसमें यह हाई वोल्टेज ड्रामा लगभग ढाई घंटे तक चला, जिस पर थाना की महिला पुलिस कर्मियों ने पीड़िता से जबरन मोबाइल छीन लिया। बाद में थाना प्रभारी के काफी समझाने के बाद पीड़िता शांत हुई। पुलिस से बात करने की कोशिश की गयी तो उनका फोन नही लगा लेकिन बड़ा सवाल ये उठता है की आखिर किस दबाव मे महिला के साथ न्याय नही हो पा रहा है। सरकार की महिला सुरक्षा पर महेशगंज पुलिस क्यू सवाल खड़ा कराने पर आमादा है।

# मतगणना कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आज उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतगणना के सम्बन्ध में मतगणना कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यां एवं दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक व प्रशिक्षण)/ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहे।





## डीएम और एसपी ने मतगणना स्थल की तैयारियों का लिया जायजा



**कौशांबी।** 04 जून को लोकसभा चुनाव के मतों की गणना होना है। इसी क्रम में डीएम और एसपी मतगणना की तैयारियों को परखने के लिए मतगणना स्थल नवीन मण्डी परिसर का निरीक्षण किया। मतपेटिका की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों, मतगणना कर्मियों एवं अभिकताओं के लिये बने प्रवेश द्वारों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किए।

## पैदल गस्त के दौरान पुलिस ने किया वाहनों की चेकिंग

**कौशाम्बी।** जिले के समस्त थाना पुलिस टीम द्वारा सोमवार की शाम को अभियान चला कर संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों को चेक किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ई-चालान किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके पालन हेतु जागरूक किया गया। यातायात नियमो का उलंघन करने पर 121 दोपहिया और चार पहिया वाहनों का पुलिस ने ई चालान किया है। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के समस्त थाना पुलिस बल द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

## महेवाघाट पुलिस ने 04 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा 04 वारंटी अभियुक्तों तुल्ले वा उसके बेटे धर्मेंद्र जितेंद्र निवासी अँधावा को गिरफ्तार किया गया। तथा वारंटी अभियुक्त अयोध्या प्रसाद निवासी नौबस्ता को गिरफ्तार किया गया है विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई



**कौशांबी।** पुलिस अधिक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में आए हुए फरियादियों की फरियाद सुनकर उनकी समस्या का समाधान किया गया तथा कुछ समस्या को सुनकर समस्या का समाधान के लिए संबंधित को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक आदेश - निर्देश दिए गए।

## शांति भंग में 26 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** जिले की कानून व्यवस्था बनाए रखने और साधारण मारपीट के मामले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के अलग-अलग थाना पुलिस ने 26 ब्यक्तियो को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के बिरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस द्वारा संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी के अदालत में अभियुक्तों को पेश किया है पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने 3 अभियुक्त पिपरी थाना पुलिस ने 6 अभियुक्त महेवाघाट पुलिस ने एक अभियुक्त कौशाम्बी पुलिस ने 2 अभियुक्त सराय अकिल पुलिस ने 2 अभियुक्त चरवा थाना पुलिस ने 2 अभियुक्त कोखराज थाना पुलिस ने 1 अभियुक्त सैनी थाना पुलिस ने 3 अभियुक्त कड़ा धाम थाना पुलिस ने 4 अभियुक्त और मोहब्बत पुर पइंसा थाना पुलिस ने 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है

# पुलिस की मौजूदगी में दबंगों ने गिरा दिया महिला का घर

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेन्दा गांव में सहखातेदारों ने अपने हिस्से की जमीन बेच ली है और दूसरे खातेदार की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं महिला के बनाए घर को पुलिस की मौजूदगी में सहखातेदारों ने तोड़ दिया है विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट किया है पीड़ित जब थाने पहुंचा तो पुलिस ने भगा दिया है और उल्टा पीड़ित परिवार के युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है पुलिस की मौजूदगी में महिला का घर गिराए जाने के बाद एक बार फिर पुलिस पर सवाल खड़े हो गए हैं कि राजस्व के मामले में तहसील के अधिकारियों के बगैर किसी प्रकार की कार्रवाई करने पर पुलिस अधिकारियों द्वारा रोक लगाने का निर्देश दिया गया है लेकिन पुलिस अधिकारियों के निर्देश के बाद थाना पुलिस ने मौके पर मौजूद होकर के महिला के घर को गिरवा दिया है आखिर थाना पुलिस का क्या स्वार्थ था यह जांच का विषय है कसेन्दा निवासी ननकईया पत्नी पोटेताह की आराजी सं० 155 रक्बा 0.048 हे० स्थित मौजा कसेंदा, परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी में चार

**सहखातेदारों ने अपने हिस्से की जमीन बेच करके दूसरे के हिस्से की जमीन पर कर रहे कब्जा**



सहखातेदार सुरेश, सुखराम ननकईया व सुमिरन है जिनका 1/4 का बंटवारा आपसी समझौते के अनुसार पूर्व में किया जा चुका है। सभी हिस्सेदार अपने-अपने हिस्से में काबिज दखील है। महिला के सहखातेदार सुमिरन ने अपने हिस्से की जमीन सन्तोष पुत्र महन्ती निवासी ग्राम कसेंदा, तहसील चायल को लगभग 8 वर्ष पूर्व विक्रय कर दिया था। महिला अपनी उक्त आराजी में दिनाक 22 मई को नींव खोदकर दिवाल बनाकर उसमें सीमेन्ट का पतरा डाल लिया और उसमें रहने लगी लेकिन दिनांक 03 जून को सुबह 06:00 बजे संतोष, अशोक व राजकुमार वा अन्य कई लोग लाठी-डण्डा फौवडे से महिला के बने माकान की दीवार गिराने लगे. व कुछ लोग ऊपर चढ़कर लाठी-डण्डा से पतरा को फोड़ डाले महिला के विरोध करने पर महिला व उसकी बहु प्रर्मिला को लात-घूंसो से मारने-पीटने लगे। महिला व उसकी बहू जोर-जोर से चिल्लाते रहे विपक्षी की धमकी से कोई बचाने नही आया बृजेश सिपाही वा चार-पाँच सिपाही पहले से मौके पर मौजूद थे लेकिन घर गिराने वालो को नही रोका मकान ध्वस्त करने के बाद पुलिस प्रर्मिला के देवर रामू को पकड़ ले गई। और थाने में बैठा लिया और महिला को धमकी दिये कि शिकायत के लिए मत जाना नहीं हो तुम लोगों का हॉथ-पैर तोड़कर ठीक कर देगें पीड़ित का कहना है कि पुलिस वालों को पैसा रूपया देकर अपने प्रभाव में लेकर मकान को नष्ट कर दिये है महिला अपनी शिकायत थाना पिपरी में करने गई तो पुलिस वालों ने डॉट कर भगा दिया।

### 2 साल से मुकदमा विचाराधीन नहीं हो सका अभी तक फैसला ग्राम प्रधान का कब्जा बरकार

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के गौहानी कला गांव में आराजी संख्या 138 प्राथमिक विद्यालय के नाम पर दर्ज है जिस पर ग्राम प्रधान का कब्जा बरकरार है हालांकि पूर्ववर्ती लेखपाल गुलाब सिंह यादव ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध धारा 67 की करवाई किया था जिसका वाद चायल कोर्ट में चल रहा है 2 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कोर्ट के द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया और ना ही अवैध रूप से किए गए कब्जा को हटाया गया जिससे ग्राम प्रधान का मनोबल दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और नई सरकारी जमीनों को सरकारी जमीनों को खोज कर कब्जा करने के फिराक में लगे हुए हैं।

# कौशाम्बी में विद्युत सिप्टिंग के नाम पर करोड़ो का खेल

## सड़क बनने के बाद फिर विद्युत खंभा बिभाग को खड़ा करना पड़ेगा जिससे फिर सरकारी धन बर्बाद होगा

**कौशाम्बी** विधुत अधिकारियों ने ठेकेदारों को लाभ देने के उद्देश्य से प्रस्तावित राम वन गमन मार्ग में विद्युत शिफ्टिंग के नाम पर करोड़ों का खेल किया है मामले की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो विद्युत अधिकारियों के भ्रष्ट कारनामे का खुलासा होगा और कई अधिकारी दंडित होंगे मंझनपुर नगर कोतवाली इलाके के कादीपुर के पास प्रस्तावित रामवन गमन मार्ग पर कादीपुर से नियामतपुर तक सड़क की पटरी पर खंभा खड़ा कर विद्युतीकरण कराया गया था प्रस्तावित रामवन गमन मार्ग के सड़क की पटरी पर नियम विरुद्ध तरीके से विद्युतीकरण कराया गया जबकि प्रस्तावित सड़क पर विद्युतीकरण कराकर सरकारी धन खर्च नहीं किया जा सकता लेकिन विभाग सब कुछ जानता रहा और ठेकेदार को लाभ देने के उद्देश्य से प्रस्तावित रामवन गमन मार्ग में बिजली का खंबा खड़ा कर ठेकेदार को भुगतान कर




दिया प्रस्तावित रामवन गमन के किनारे कराए गए विद्युतीकरण में विद्युत सप्लाई शुरू होने से पहले रामवन गमन मार्ग चौड़ीकरण के लिए पटरियां उखड़ने लगी जिससे बिजली विभाग द्वारा खड़े किए गए खंबे उखाड़ना स्वाभाविक है और खंबे लगाने में जो भुगतान किया गया वह ठेकेदार को सीधा लाभ हो गया सड़क बनने के बाद फिर विद्युत खंभा बिभाग को खड़ा करना पड़ेगा जिससे फिर सरकारी धन बर्बाद होगा विद्युत सप्लाई शुरू होने से पहले अब खम्भों के सिप्टिंग का टेंडर करा दिया विभागीय अफसर अपने चाहते ठेकेदारों को सरकारी लाभ देने के लिए नियम विरुद्ध योजना बना रहे हैं चचाओं पर जाएं तो चहेते ठेकेदारों को सरकारी योजना का गलत तरीके से लाभ देने के आड़ में 40 प्रतिशत की कमीशन खोरी की विभाग में चर्चा बनी हुई है इस कमीशन खोरी में कौन-कौन हिस्सेदार है यह बड़ी जांच का विषय है आखिर प्रस्तावित रामवन गमन मार्ग में चौड़ीकरण से पहले क्यों विद्युतीकरण कराया गया ठेकेदार को दोहरा लाभ देने के लिए अफसरों ने खेला किया है पहले विद्युतीकरण के लिए भुगतान कर दिया अब सिप्टिंग के नाम पर सरकारी खजाना लूटा दिया यदि संपूर्ण प्रकरण की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हुई तो कई अधिकारियों पर गज गिरना तय है।

# श्रीरामकथा के श्रवण से मिलती है मुक्ति : सुधीरानंद जी महाराज

**कलश यात्रा के साथ शुरू हुई सप्तदिवसीय श्रीरामकथा**



कौशाम्बी सिराथू ब्लॉक के रामपुर धमावा स्थित अघोरीबाबा कुटी मे सोमवार 3 जून से साप्ताहिक श्रीरामकथा का आयोजन शुरू हुआ। श्रीरामकथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमे आसपास के कई गांवो की कन्याएं, महिलाएं एवं भक्तजन शामिल हुए। कलश यात्रा रामपुर धमावा के शिव मंदिर से प्रप्रंभ होकर श्रीरामकथा स्थल अघोरी बाबा कुटी पर आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में सिराथू के पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल समेत अन्य कई क्षेत्रीय गणमान्य लोग शामिल हुए। इसी के साथ शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीरामकथा का भव्य आयोजन हुआ। श्रीक्षेत्र काशी से पधारे प्रख्यता कथावाचक सुधीरानंद जी के मुखारबिंद से कथा श्रवण कर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। भगवान श्रीराम कथा सुनने से लोगों को मुक्ति मिलती है, ऐसा उद्गार क्थावाचक सुधीरानन्द जी ने कथा कहते हुए व्यक्त किया। इस अवसर पर अघोरीबावा कुटी के संत त्यागी जी महाराज ने क्षेत्रीय लोगों को अधिक से अधिक संख्या में श्रीरामकथा सुनने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी, सीताराम केसरी, भानू प्रताप सिंह, भारत सिंह, अंबेश केसरवानी, सचिन केसरवानी, देवराज सिंह, दिलीप सिंह, प्रशांत केसरी, कराची सिंह, मंजू सिंह, कामिनी तिवारी, नेहा सिंह, काव्या सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बजबजाती नालियां, टूटी सड़क गंदगी से पटा अंबेडकर नगर ,वार्ड की पहचान

**बुनियादी सुविधाओं से वंचित है वार्ड के रहने वाले लोग ,बस्ती बढ़ी सुविधा नहीं, नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी की उदासीनता के चलते सफाई व्यवस्था हुई धड़ाम**

**अझुवा कौशांबी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज से नहीं जब से सत्ता में आए अभियान चला कर इस देश को स्वच्छ बनाने के लिए उन्होंने खुद झाड़ू उठाई और लगाई है साफ सफाई के तमाम अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया है लेकिन आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर दलित बस्ती के लोग अभी भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है कहने को तो वार्ड में सड़के व नालियां बहुत पहले से बनी है मगर बदइंतजामी वा नियमित साफ सफाई नहीं होने से यहां के लोगों के लिए पंचायत स्तर की सुविधा महज कहने की बात रह गई है टूटी सड़क व बज बजाती नालियां अंबेडकर नगर दलित बस्ती की पहचान बन गई है करीब 11 00 की आबादी वाले अंबेडकर नगर वार्ड की मलिन बस्ती का हाल चिंताजनक है।







## संक्रामक बीमारियों की आशंका से भयभीत वार्ड वासी


अझुवा कौशाम्बी दलित बस्ती उपेक्षा का शिकार है वार्डवासियों ने बताया उक्त वार्ड में एक महिला सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है महिला झाड़ू लगाकर चली जाती है ,नालियों का सड़ांध बदबूदार पानी रास्तों में भर जाता है जिससे आवागमन करने वाले लोग मुंह दाबकर निकल जाते हैं ,हनुमान मंदिर के पास नालियों में गंदा पानी भरा रहता है वार्ड वासियों के अनुसार शिकायत के बाद भी नगर पंचायत के जिम्मेदार टाल मटोल करते हैं। वार्ड के राम आसरे कहते हैं हमारे वार्ड में कहीं-कहीं झाड़ू लगाया जाता है साफ सफाई का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जाता सड़कें गंदी पड़ी हैं कूड़ा भरने वाला कई दिनों तक नहीं आता नालियों में कीचड़ भरा हुआ है कोई साफ सफाई नहीं होती है।फूलचंद ने बताया उसके घर के बगल में झाड़ू बनाने वाले लोग कचरा बचने का अवशेष फेंक देते हैं जिससे गंदगी से जीना दुश्वार है। श्री केसन ने कहा अभी भीषण गर्मी में वार्ड का यह हाल है तो थोड़ी सी बरसात में क्या हाल होगा यह नगर पंचायत के जिम्मेदारों के मुंह पर गंदगी का तमाचा है जिम्मेदार कभी देखने भी नहीं आते की वार्ड में सफाई नालियों के निकासी ,जल निकासी कैसी व्यवस्था है ।श्री केसन ने जिलाधिकारी से मांग की जिम्मेदारों को लगाम लगाते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए।वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा उस वार्ड में जो भी समस्या है उनका शीघ्र निस्तारण कराया जायेगा।

# अवैध तरीके से संचालित आरा मशीन बनी हरियाली की दुश्मन

अखंड भारत संदेश

**महगाव कौशाम्बी।** अवैध आरा मशीनों के संचालन में सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी और थाना पुलिस अवैध आरा मशीनों को नहीं बंद करा रहे हैं यदि अवैध आरा मशीनों को बंद कर दिया जाए तो करोड़ों की काली कमाई में बाधा उत्पन्न होगी जिससे वन विभाग के अधिकारी अवैध आरा मशीनों पर कार्यवाही करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं जिले के विभिन्न क्षेत्र में पांच दर्जन से अधिक अवैध आरा मशीनों का संचालन तीन दशक से प्रतिदिन विभागीय संरक्षण में हो रहा है अवैध तरीके से संचालित आरा मशीन को स्थानीय थाना पुलिस का भी संरक्षण मिलता है इन आरा मशीनों के संचालन के लिए हरे फलदार पेड़ की लकड़ियों को लकड़ी माफिया द्वारा बेखौफ तरीके से काटकर आरा मशीनों में प्रतिदिन पहुंचाया जा रहा है ना तो पेड़ के कटान का परमिट लिया जाता है और ना ही लकड़ी को इधर-उधर ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट लिया जाता है नियमों की बात करें तो हरे पेड़ के कटान का परमिट मिल ही

**जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई दर्जन अवैध आरा मशीनों का तीन दशक से से हो रहा है संचालन**



नहीं सकता है लेकिन फिर भी बेखौफ तरीके से जिले के तीन दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया सैकड़ो मजदूरों के साथ प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में हरे पेड़ों के कटान में लगे रहते हैं इतनी बड़ी संख्या में लकड़ी माफिया मजदूरों के साथ पेट्रोलिंग आरा मशीन लेकर हरे फलदार पेड़ को काटने में लगे होने के बावजूद वन विभाग से लेकर पुलिस तक कार्यवाही के नाम पर केवल औपचारिकता निभाती रह जाती है सब कुछ खुलेआम अवैध तरीके से हो रहा है कई दर्जन चिन्हित वाहन हरे पेड़ की लड़कियों को प्रतिदिन धोने में लगे हैं सब कुछ खुलेआम होने के बाद विभाग से लेकर पुलिस को कुछ नहीं दिखाई पड़ रहा है जिससे साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों की माने तो आरा मशीन के अवैध संचालन में 8000 महीने से 12000 महीने तक थाना पुलिस और 15000 महीने वन विभाग के अधिकारी खुलेआम प्रति आरा मशीन से वसूली कर रहे हैं यदि आंकड़ों पर गौर करें तो डेढ़ करोड़ रुपए सालाना से अधिक की वसूली के चलते अवैध आरा मशीनों को नहीं बंद कराया जा रहा है जिससे हरे पेड़ के सामने गंभीर संकट उत्पन्न है एक तरफ योगी सरकार बृहद पौधारोपण करने पर जोर दे रही है पौधारोपण पर करोड़ों रुपए से अधिक की रकम प्रत्येक वर्ष खर्च की जा रही है दूसरी तरफ हरे पेड़ को कटवा करके पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मालामाल हो रहे हैं अवैध आरा मशीनों के संचालन की सच्चाई जानने के लिए संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत उजिहनी आइमा के कायामुद्दिनपुर गांव में चल रही अवैध आरा मशीन की हकीकत देखी गई तो मालूम चला कि आरा मशीन में अवैध तरीके से हरे पेड़ की लकड़ी का विद्याल भंडारण है और बेखौफ तरीके से आरा मशीन का संचालन हो रहा है तमाम आरा मशीन ऐसी है छोटी मशीन का लाइसेंस लेकर बड़ी मशीन लगाकर संचालन किया जा रहा है जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी रोक लगाने का निर्देश कई वर्षों पहले दिया था लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन थाना पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारी तक नहीं कर सके हैं 3 दर्जन लकड़ी माफिया बीते दो दशक से विभाग के गोद मे खेल रहे हैं मामले को लेकर शासन स्तर से यदि उच्च स्तरीय जांच हुई तो लकड़ी माफिया से पुलिस और वन विभाग के साठगांठ से चलने वाले खेल का खुलासा होना तय है।

# सरकारी हैण्ड पाइप पर पानी भरने गई विवाहिता को दबंगो ने पीटा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** गर्भवती महिला अपने घर के नजदीक सरकारी हैण्ड पाइप पर पानी भरने के लिए गई थी। पड़ोस के ही दबंग किस्म के व्यक्तियों ने महिला को पानी भरने से मना करते हुए बाल्टी उठा कर फेंक दिया। पीड़ित महिला ने कहा कि सरकारी हैण्ड पाइप है मैं पानी भर के जाऊंगी इतनी सी बात में दबंगो ने पीड़ित महिला को भद्दी - भद्दी गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित महिला ने गाली-गलौज का विरोध किया तो सभी लोग एकजुट होकर बुरी तरह से मार पीट कर घायल कर दिया है। जिससे महिला के शिर व शरीर में काफी चोटें आई है। बता दें कि चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के चरवा खुर्द की आरती देवी पत्नी अशोक कुमार रैदास ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि रविवार की शाम करीब 7 बजे घर के नजदीक सरकारी हैण्ड पाइप पर पानी भरने के लिए गई थी। उसी समय पड़ोस के ही राज नारायण, मुन्ना, ममता, हमीरा व पारूल एक जुट होकर मौके पर आकर पीड़ित महिला को पानी भरने से मना कर दिया। पीड़िता ने पानी भरने का विरोध किया तो सभी लोग एकजुट होकर पीड़िता को लाठी डंडों से बुरी तरह से मार पीट कर घायल कर दिया। पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव करते हुए घायल महिला को डायल 108 एम्बुलेंस के द्वारा इलाज हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर के लिए भेजा गया है। घायल महिला ने अपने रिस्तेदारो के साथ चरवा थाना पहुंच कर नाम जद्द लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस ने घायल महिला के शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके इलाज हेतु नवीन स्वास्थ्य केन्द्र चरवा भेज दिया है।

## लू से बचने के लिए पुलिस अधीक्षक का निर्देश

**कौशांबी।** मतदान स्थल पर लू से बचाव के लिए पुलिस अधीक्षक शुद्ध पेय जल, कूलर, पंखा, मेडिकल किट आदि का प्रबंध करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। सुगम यातायात हेतु पुलिस कर्मियों, मतगणना कर्मियों एवं अभिकताओं द्वारा लाये जाने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से मतदान स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## संपादक की कलम से

### क्या प्राप्त करके लौटे हैं विवेकानंद स्मारक से प्रधानमंत्री ?

एक लंबी चुनाव–प्रचार–यात्रा के बाद प्रधानमंत्री के लिये कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद स्मारक पर ध्यान लगाना जरूरी हो गया था। अपने इस एकांतवास के दौरान मोदी जो फैसले लिए होंगे उनका पता चार जून के बाद ही चल पाएगा। चार जून के कुछ संकेत तो एक जून के एग्जिट पोल्स में ही देश ने पढ़ लिये हैं। मतदाताओं को अब ज्यादा साँसें रोककर नतीजों की प्रतीक्षा नहीं करना पड़ेगी।

पिछले पाँच सालों के दौरान मोदीजी का ज्यादा ध्यान केंद्र में भाजपा की सत्ता को मजबूत करने और राज्यों में विपक्ष की सत्ताओं को कमजोर करने पर केंद्रित रहा था इसलिए वे उस ध्यान के लिए समय नहीं निकल पाए होंगे जो स्वामी विवेकानंद (जन्म नाम नरेंद्र) ने 1892 में कन्याकुमारी के इसी स्थान पर तीन दिनों के लिए किसी दिव्य अवधारणा की अनुभूति के लिए लगाया था।प्रधानमंत्री से सवाल नहीं किया जा सकता है कि ध्यान में उन्हें किस तरह की अनुभूति हुई। खबरों के मुताबिक, ध्यान के दौरान प्रधानमंत्री के सुरक्षा इंतजामों में कोई दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती स्मारक के आसपास की गई थी।

प्रधानमंत्री जब एक जून को स्मारक स्थित पूजा हॉल में ध्यान मुद्रा में रहे होंगे उनके स्वयं के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी और स्वामी विवेकानंद के जन्मस्थान कोलकाता सहित देश के 57 चुनाव क्षेत्रों में मतदान प्रारंभ हो चुका था और उनके कन्याकुमारी से वापस लौटने तक लगभग समाप्त होने को था। पिछले चुनाव के आखिरी चरण में 18 मई के दिन मोदी ने सत्रह घंटों के लिए केदारनाथ की गुफा में ध्यान लगाया था पर तब नतीजों की तस्वीर ज्यादा साफ थी।

विपक्ष ने इस बात पर आपत्ति ली थी कि अंतिम चरण के मतदान के बीच प्रधानमंत्री इस प्रकार का उपक्रम कर रहे हैं ! ह्यध्यानह्न का इस्तेमाल अगर राजनीतिक लाभ के लिए किया जाता है तो निर्वाचन आयोग द्वारा उसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाए। प्रधानमंत्री के ध्यान योग का कैमरों के जरिए प्रचार–प्रसार नहीं किया जाना चाहिए। विपक्षी दलों ने यह भी कहा था कि प्रधानमंत्री अगर चाहते तो अपना ह्यध्यानह्न मतदान की समाप्ति के बाद एक जून की शाम से भी लगा सकते थे। देश ने देखा कि विपक्ष की माँग पर निर्वाचन आयोग द्वारा कोई संज्ञान लेने के पहले ही विभिन्न मुद्राओं में प्रधानमंत्री के ध्यान से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो दुनिया भर में जारी हो गए।

इस बात का विश्लेषण किया जा सकता है कि प्रधानमंत्री जब विवेकानंद स्मारक पर ध्यानस्थ रहे होंगे ,देश की जनता उन्हें लेकर क्या सोच रही थी ? विपक्षी दलों का ध्यान किस तरफ था ? वाराणसी के मतदाताओं के मन में अपने वीवीआईपी प्रत्याशी को लेकर किस तरह की उथल–पुथल चल रही थी ? केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के ध्यान के मुहूर्तों का निर्धारण सुयोग्य ज्योतिषियों द्वारा काल–गणना के आधार पर किया गया होगा।

विवेकानंद स्मारक पर बिताए गए समय की प्रधानमंत्री के जीवन के बहुमूल्य क्षणों में इसलिए गणना की जानी चाहिए कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा समय–समय पर किए जाने वाले दावों के मुताबिक मोदी न तो आराम करते हैं और न छुट्टी लेते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर रखा है। उनके द्वारा नींद लेने के घंटों के बारे में भी अलग–अलग अनुमान हैं।(प्रधानमंत्री ने अभिनेता अक्षयकुमार को एक साक्षात्कार में बताया था कि वे सिर्फ. साढ़े तीन घंटे सोते हैं जो उनके लिए काफी है। मोदी ने अक्षयकुमार से यह भी कहा था कि रिटायरमेंट के बाद वे सोचेंगे कि अपनी नींद के घंटे कैसे बढ़ाएँ।)

इसे किसी उच्च–स्तरीय आध्यात्मिक साधना का परिणाम माना जा सकता है कि एक ऐसे समय जब बची हुई 57 सीटों पर मतदान के जरिए सरकार का भविष्य तय हो रहा था प्रधानमंत्री बिना विचलित हुए इतने लंबे समय के लिए ध्यान में बैठे रहे होंगे ! उन्हें इस दौरान न तो मतदाताओं के रुझान और न ही मतदान के प्रतिशत को जानने में कोई रुचि रही होगी। उनका पूरा ध्यान विवेकानंद की मूर्ति और स्मारक के पूजा हॉल के एकांतवास में किसी दिव्य अनुभूति से साक्षात्कार पर ही केंद्रित रहा होगा।

प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में इस आशय का कुछ कहा था :ह्ल जब तक माँ ज़िंदा थीं तब तक लगता था बायोलॉजिकली जन्म लिया होगा। माँ के जाने के बाद कन्विंस हो चुका हूँ कि परमात्मा ने मुझे भेजा है।बायोलॉजिकल शरीर से नहीं हूँ। ईश्वर ने मुझसे कोई काम लेना तय किया है। मैं सिर्फ. ईश्वर को समर्पित हूँ।ह्ल देश की जिज्ञासा अब ऐसे किसी चमत्कार को देखने की हो सकती है कि 132 साल पहले जिस स्थान पर तैर कर पहुँचने के बाद स्वामी विवेकानंद ने तीन दिनों का ध्यान लगाया था वहाँ से लौटने के बाद प्रधानमंत्री में किस तरह के परिवर्तन हुए हैं !

मोदी अगर तीसरी बार भी बहुमत प्राप्त करके सरकार बनाने में सफल हो जाते हैं (जैसा कि एग्जिट पोल्स संकेत देते हैं ) तो भय–मिश्रित उत्सुकता के साथ प्रतीक्षा करना पड़ेगी कि उनके द्वारा विवेकानंद स्मारक पर बिताए गए 45 घंटे अगले पाँच सालों के लिए देश का कैसा भविष्य तय करने वाले हैं ! भय–मिश्रित इसलिए कि किसी आध्यात्मिक स्थल पर एक पवित्र ध्यान–साधना के उद्देश्य के लिए रवाना होने से ठीक पहले चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री के जो रूप प्रकट हुए वे निश्चित ही चिंता उत्पन्न करने वाले हैं।

## इस छोटे से पौधे का जीनोम है पृथ्वी पर सबसे बड़ा

सबसे बड़ा जीनोम सबसे बड़े जीव का नहीं होता. पृथ्वी के सबसे बड़े जीव ब्लू व्हेल और इंसान का जीनोम भी इतना विशाल नहीं है, जितना इस छोटे से पौधे का है.

पृथ्वी के सबसे बड़े जीव ब्लू व्हेल, जमीन पर घूमने वाले सबसे बड़े जीव अफ्रीकी हाथी या फिर सबसे बड़े पेड़ रेडवुड ट्री का जीनोम भी इतना बड़ा नहीं होता, जितना फ्रांस के कैलेडोनिया में पाए जाने वाले इस छोटे से पौधे का होता है। जीनोम किसी जीव के डीएनए या आरएनए का पूरा सेट होता है, जिसमें सभी जीन और गैर-कोडिंग अनुक्रम शामिल होते हैं. इसमें जीव की सभी अनुवांशिक जानकारियां जमा होती हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित न्यू कैलेडोनिया द्वीप पर उगने वाले इस छोटे से पौधे का जीनोम पृथ्वी पर सबसे विशाल है. नए शोध में पाया गया है कि मेसिपटेरिस ओब्लांसियोलाटा नाम के इस पौधे का जीनोम इंसान के जीनोम से 50 गुना ज्यादा बड़ा है.

अब तक सबसे बड़ा जीनोम जापान के एक पौधे पैरिस जापोनिका का आंका गया था. लेकिन मेसिपटेरिस का जीनोम उससे भी सात फीसदी ज्यादा बड़ा है.

**ताज महल से ऊंचा जीनोम**

जीनोम का आकार मापने की ईकाई डीएनए के जोड़ों यानी गुणसूत्रों की लंबाई होती है. अगर इस पौधे के डीएनए की हर कोशिका में पाए जाने वाले जीनोम का धागा बनाया जाए तो उसकी लंबाई करीब 350 फुट यानी अमेरिका के स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी या भारत के ताज महल से भी ज्यादा होगी. इसकी तुलना में इंसान के जीनोम की लंबाई मुश्किल से साढ़े छह फुट होती है.

मेसिपटेरिस न्यू कैलेडोनिया में आमतौर पर जमीन पर या किसी गिरे हुए पेड़ पर उगता है. इसके अलावा यह इसके पड़ोसी द्वीपों जैसे वनुआतु पर भी पाया जाता है.

यह शोधपत्र आईसाइंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है. इसके शोधकताओं में से एक बोटैनिकल इंस्टिट्यूट ऑफ बार्सिलोना के जीवविज्ञानी खाउमे पेलिसर बताते हैं, "हम इतना बता सकते हैं कि यह पौधा कोई बहुत शानदार नजर नहीं आता. यह बहुत छोटा सा पौधा है. इसकी ऊंचाई 10-15 सेंटीमीटर होती है और इसे बड़ी आसानी से नजरअंदाज किया जा सकता है.ह्व

इस शोध के लिए मेसिपटेरिस के नमूने पिछले साल न्यू कैलेडोनिया के ग्रैंड टेरे द्वीप से जमा किए गए थे. इसमें छोटी छोटी पत्तियां होती हैं लेकिन असल में वे पत्तियां नहीं बल्कि सपाट डंठल हैं. यह पौधा अपनी मूल प्रजाति के पौधे से करीब 35 करोड़ साल पहले, यानी डायनासोर के विलुप्त होने से भी लगभग 12 करोड़ साल पहले अलग होकर स्वतंत्र हो गया था।

# जीत के नये मानक गढ़ती भाजपा और निस्तेज होता विपक्ष

**-ललित गर्ग -**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एडीए) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए पूर्व के सारे रिकार्ड को ध्वस्त कर देंगे। मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है। विपक्ष के लिये जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुस्लिम तुष्टीकरण, मुफ्त की रेवडियां बांटने, संविधान बचाने के भ्रामक ड्रामा एवं देश तोड़ने की सोच से ऊपर उठकर विपक्ष की भूमिका का सार्थक करें। कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। जिसमें भाजपा एक बार फिर सारे मिथक तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा की सफलता को इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि उसने सारे विपक्षी दलों के गठबंधन एवं शक्ति को मात दी। भाजपा न केवल अपनी सरकार बचाते हुए दिख रही है बल्कि भारत को एक नये युग में ले जाने के लिये प्रतिबद्ध दिख रही है। निश्चित ही सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने के लिये भाजपा एक लहर बन चुकी है और इस लहर ने पूरे मुल्क के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई दी है।



अब भारत का मतदाता परिपक्व हो चुका है, उसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र जिस रूप में सशक्त हो रहा है, उसी के अनुरूप राजनीतिक चरित्र को गढ़ना होगा, उसके प्रति भी राजनीतिक दलों को एहसास कराना होगा, जहां से राष्ट्रहित, ईमानदारी और नए मनुष्य की रचना, सशक्त अर्थव्यवस्था एवं विकास की तीव्र रफ्तार, खबरदार भरी गुहार सुनाई दे। कोई भी दल हो, अगर ये एहसास नहीं जागता है तो मतदाता दिखा देता है उनको शीशा, वही छीन लेता है उनके हाथ से दियासलाई और वही उतार देता है सत्ता का मद। कहने का मतलब सिर्फ इतना सा है कि देश की सियासी फिजां को बदलने में विपक्षी दलों को अधिक ईमानदार, जिम्मेदार एवं पारदर्शी होना होगा। विपक्ष दल अपनी जिम्मेदारियां से भागते हुए देश से ज्यादा दल को महत्व देने का परिणाम इन चुनाव में देख लिया है। भाजपा की तुलना में अन्य दलों पर दाग ज्यादा और लम्बे समय तक रहे हैं। इन दलों को न केवल अपने बेदाग होने के पुख्ता प्रमाण देना होगा, बल्कि जनता के दर्द-परेशानियों को कम करने का रोड मेप तैयार करते हुए अपना विपक्षी होने के धर्म को निभाना होगा, तभी वे आदर्श विपक्ष के हकदार बन सकेगे।

हमने इन चुनावों में देखा है कि केवल झूठे आश्वासनों से मतदाता को गुमराह करने के दिन अब लद गये है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि विभिन्न विपक्षी दल अपने को, समय को, अपने भारत को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को पहचानने वाला साबित नहीं कर पाये हैं। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, उसने चौदह गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। देश को बांटने एवं तोड़ने वाले मुद्दे कब तक भाप बनते रहेगे? भाजपा को चुनौती देनी है तो विपक्षी दलों को अपना चरित्र एवं साख दोनों को नये रूप में एवं सशक्त रूप में प्रस्तुति देनी होगी। अन्यथा इन लोकसभा चुनावों की तरह आगे के जितने भी चुनाव होंगे उनके चुनाव परिणाम इसी तरह निराश करते रहेंगे।

इससे विचित्र और हास्यास्पद और कुछ नहीं कि कांग्रेस समेत अन्य इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एक ओर जोर-शोर से यह दावा करने में लगे हैं कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 सीटें मिल रही हैं, सपा नेता अखिलेश उत्तरप्रदेश में 80 में 79 सीटों पर जीत का दावा किया, जब एग्जिट पोल ने उनके इन दावों की पोल खोल दी, आज घोषित हो रहे चुनाव परिणामों में भाजपा जब ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है तो विपक्षी दलों के नेता मतगणना में गड़बड़ी की निराधार आशंकाएं जताकर भ्रम फैलाने में लगे हैं। भ्रम फैलाने की इसी कोशिश के तहत कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने यह अनर्गल दावा किया कि मतगणना को प्रभावित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिलों के जिलाधिकारियों को फोन किया है। उन्होंने यह बेतुका आरोप लगाते हुए यह समझा होगा कि इससे उन्हें एक फर्जी नैरेटिव खड़ा करने में मदद मिलेगी और उनकी हार पर पर्दा पड़ जायेगा। यह विडम्बना एवं विसंगति विपक्षी दलों को मजबूत करने की बजाय लगातार कमजोर ही कर रही है। वैसे भी भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं, सभी ऊंचे मूल्यों को स्थापित करने की, आदर्श की बातों के साथ आते हैं पर सत्ता प्राप्ति की होड़ में सभी एक ही संस्कृति को अपना लेते हैं। मूल्यों की जगह कीमत की और मुद्दों की जगह मतों की राजनीति करने लगते हैं। चुनावों की प्रक्रिया को ही नहीं, चुनाव मतगणना की प्रक्रिया को भी विपक्षी राजनैतिक दलों ने अपने स्तर पर भी कीचड़ भरा कर दिया है। ऐसा स्वकल्याण की सोचने वाला विपक्ष किस तरह लोक कल्याण के मुद्दों को बल देगा? बिना विचारों के दर्शन और शब्दों का जाल बुने यही कहना है कि लोकतंत्र के इस सुन्दर नाजुक वृक्ष को नैतिकता के पानी और अनुशासन की ऑक्सीजन चाहिए। जीत किसी भी दल को मिले, लेकिन लोकतंत्र को शुद्ध सांसें मिलनी ही चाहिए।

कुल मिलाकर लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत से तो पार्टी के हौसले स्वाभाविक रूप से बढ़े। इसके अलावा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कमजोर होती दिखी, कमजोर ही क्या उसका तो लगभग सफाया ही होता जा रहा है। कांग्रेस के निष्प्रभावी केन्द्रीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस के कई कद्दावर नेता अलग हो गए। उससे भी भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। इस बार कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी कमजोर पार्टी बनकर उभरी है। उसकी कमजोरी न केवल राजनीतिक स्तर पर बल्कि मानसिक स्तर पर स्पष्ट दिख रही है। कांग्रेसी एवं विपक्षी नेताओं की हरकतों से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वे अपनी संभावित हार का ठीकरा चुनाव आयोग, मीडिया आदि पर फोड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं।

यही कारण है कि उन्होंने एक्जिट पोल के नतीजों को न केवल अस्वीकार कर दिया, बल्कि उन्हें भाजपा प्रायोजित भी करार दिया। एक्जिट पोल को लेकर कांग्रेस इतनी दुविधाग्रस्त थी कि पहले उसने टीवी चैनलों पर होने वाली चर्चा का बहिष्कार करने का फैसला किया और फिर फजीहत होती देखकर उसमें शामिल होने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। क्योंकि लोगों ने हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लोगों ने यह भी देखा है कि किस प्रकार भारत में सुधारों ने देश को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए यहां तक कह दिया कि अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने के बजाय घायल ही किया। मोदी सरकार के तौर-तरीकों पर आम जनता का विश्वास ही इस ऐतिहासिक जीत का कारण बना है। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति, महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण, अर्थव्यवस्था, संविधान जैसे तमाम मुद्दे थे जिस पर जनता ने मोदी सरकार की नीतियों एवं साफ-सुथरी छवि पर मुहर लगायी है। कानून व्यवस्था, राजनीतिक अपराधियों पर अंकुश और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जनता को साफ संदेश मिला कि भारत में विकास, सुशासन, सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण जीवन के लिये मोदी ही सबसे उपयुक्त है। ऐसे में ताजा नतीजे भाजपा की रणनीति एवं सिद्धान्तों पर खरे उतरें। चुनाव परिणामों का संबंध चुनावों के पीछे अदृश्य ह्लोकजीवनह्न से, उनकी समस्याओं से होता है। संस्कृति, परम्पराएं, विरासत, विकास, व्यक्ति, विचार, लोकाचरण से लोक जीवन बनता है और लोकजीवन अपनी स्वतंत्र अभिव्यक्ति से ही लोकतंत्र स्थापित करता है, जहां लोक का शासन, लोक द्वारा, लोक के लिए शुद्ध तंत्र का स्वरूप बनता है। जब-जब चुनावों में लोक को नजरअंदाज किया गया, चुनाव परिणाम उलट होते देखे गये हैं। लोकसभा के इन चुनाव परिणामों से विभिन्न विपक्षी राजनीतिक दलों को सबक लेने की अपेक्षा है।


प्रेषकः
(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन,
पटपड़गंज, दिल्ली-92
मो. 9811051133


## अब नतीजों का इंतजार

लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण का मतदान शनिवार को सम्पन्न हो जाने के बाद विभिन्न न्यूज चैनलों एवं सर्वे एजेंसियों ने उसी शाम 6.30 बजे के बाद से अपने एक्जिट पोल्स दिखला दिये हैं और अपने-अपने अनुमानों के अनुसार सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस यानी एनडीए अथवा उसके खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में लामबन्द हुए इंडिया को जीतता हुआ बतला रहे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी के बहुप्रचारित खुद की पार्टी के बल पर 370 और एनडीए के बूते 400 पार के नारे की तो बात अब हो नहीं रही है लेकिन ट्रेंड यह दिख रहा है कि सत्ता के नजदीक माना जाने वाला मुख्यधारा का मीडिया एनडीए को तथा स्वतंत्र व डिजिटल मीडिया, जिनमें ज्यादातर यू ट्यूबर हैं- इंडिया की जीत का अनुमान जाहिर कर रहे हैं। जो भी हो, मंगलवार को स्थिति साफ हो जायेगी जब परिणाम सामने आ जायेंगे।

यह चुनाव जिस तरीके से लड़ा गया है, वह कई सवाल खड़े करता है। पहला तो यही कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, जिस पर निष्पक्षतापूर्वक व भयरहित वातावरण में चुनाव कराने की जिम्मेदारी थी, वह ऐसा करने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। जिस दिन से इसकी घोषणा हुई थी, तभी से उसने अपनी आंखें, कानों और मुंह को बन्द कर रखा है। गहन संदेहों के घेरे में आई हुई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिये ही चुनाव कराने पर सरकार के इशारे पर आमादा निर्वाचन आयोग 2019 के चुनाव के समय से ही सरकार के पक्ष में खड़ा दिखा था। उसने अपना वही रवैया इस बार भी बनाये रखा। ईवीएम के साथ ही इलेक्टोरल बॉन्ड्स के कारण विपक्षी आलोचना के केन्द्र में रही भाजपा सरकार पर यह भी आरोप लगा कि उसने अपनी जांच एजेंसियों के जरिये खूब चुनावी चंदा बटोरा है और उसके बल पर वह न केवल चुनाव लड़ रही है बल्कि उसने कथित 'ऑपरेशन लोटसट के माध्यम से विरोधी दलों को कमजोर किया, उसकी राज्य सरकारें गिराईं और एक तरह से संघवाद को कुचल दिया है।

इसके अलावा भाजपा ने कई प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन किया जिसमें निर्वाचन आयोग ने भरपूर साथ दिया। मोदी के चुनावी भाषणों में आचार संहिता के किसी भी नियम का ख्याल नहीं रखा गया। उन्होंने अलग-अलग सन्दर्भों में खूब हिन्दू-मुसलमान किया, कांग्रेस व अन्य विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ आधारहीन व अमर्यादित टिप्पणियां कीं। पहले तो उन्होंने इंडिया गठबन्धन को अपमानजनक शब्दों से सम्बोधित किया, फिर कांग्रेस के घोषणापत्र पर 'मुस्लिम लीग की छायाट बतलाई तथा उलजुलूल आरोप लगाये। गैरजिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार का परिचय देते हुए उन्होंने यह कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो वह लोगों के मंगलसूत्र छीनकर 'कई बच्चे वालोंज को दे देगी। उनका संकेत मुस्लिमों की ओर था। उन्होंने इंडिया सरकार द्वारा एक्सरे कर लोगों के घरों का सोना छीन लेने और सबकी बिजली-पानी काट देने का डर भी दिखाया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक भाषण को गलत उद्धृत करते हुए मोदी ने कह डाला कि यूपीए सरकार का मानना था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का है। मोदी इस दौरान भविष्य में विकसित भारत बनाने की तो बातें करते रहे परन्तु वे अपने 10 वर्ष के कार्यकाल के दौरान क्या विकास कर सके, इस बाबत चुप्पी साधे रखी। मोदी व भाजपा ने प्रतिपक्ष के कई नेताओं को अपमानित किया। ओडिशा के सुसंस्कृत मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बारे में अभद्र बातें कहीं। हालांकि इनमें उनकी कुछ टिप्पणियां ऐसी थीं कि स्वयं मोदी ही हास्य के पात्र बन गये।

भारत के इतिहास में यह पहला चुनाव है जिनमें कई घटनाएं पहली बार हुईं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। इसका मकसद दोनों को चुनाव प्रचार से रोकना था। हेमंत तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर जेल गये पर केजरीवाल ने पद नहीं छोड़ा। इतना ही नहीं, उन्होंने जमानत पाकर करीब दो हफ्ते जमकर प्रचार किया और अब फिर रविवार को उन्होंने जेल जाने के लिए समर्पण कर दिया। यह कदम भाजपा के लिये आत्मघाती साबित होता दिख रहा है क्योंकि इससे इंडिया और भी मजबूत बन गया तथा दोनों राज्यों में सहानुभूति लहर चल पड़ी। अन्य मामलों की तरह ही निर्वाचन आयोग इस मामले पर भी मौन बना रहा। शनिवार को कांग्रेस के जयराम रमेश ने यह कहकर सनसनी फैलाई कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कलेक्टरों को व्यक्तिगत रूप से फोन कर धमका रहे हैं। ये वही शाह हैं जिनका दावा है कि पांचवें चरण के बाद ही एनडीए को 300 से 310 सीटें मिल चुकी हैं। यानी वह सत्ता बनाने की स्थिति में आ गया है। ऐसा है तो शाह के लिये क्या जरूरत है कि वे कलेक्टरों को धमकियां दें? यह इस बात की ओर स्पष्ट संकेत है कि शाह जो कह रहे हैं वैसा कुछ है नहीं। यानी एनडीए सरकार बनाने की स्थिति में नहीं आया है।

## जनादेश की द्रोपदी का चीरहरण

**@ राकेश अचल**

अठारहवीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में जनादेश आने से पहले गोदी मीडिया के तमाम चैनलों और अखबारों के एक्जिट पोल द्वारा भाजपा गठबंधन की सरकार बनाई जा चुकी है। नयी सरकार को कायदे से आज ही पेशगी बधाई दे देना चाहिए, लेकिन मै गोदी मीडिया की तरह जनादेश की द्रोपदी का चीरहरण नहीं करना चाहता ,इसलिए नयी सरकार को बधाई 4 जून की दोपहर के बाद ही दूंगा। अब सवाल ये है कि गोदी मीडिया ने जनादेश की प्रतीक्षा किये बिना मोदी की सरकार बनवाने में उतावलेपन का जो मुजाहिरा [ आप मुजरा भी कह सकते हैं ] किया है उसके लिए उसे कितनी कीमत मिली ? या उसकी कीमत कौन चुकाएगा ?




जब एक्जिट पोल से ही सरकारें बनने लगीं हैं तो मतगणना की औपचारिकता कराने की क्या आवश्यकता है ? भाजपा ने सत्ता में रहते हुए हैट्रिक लगाने के इतने पुख्ता इंतजाम कर ही लिए थे तो फिर चुनावों पर इतना खर्च करने की जरूरत भी क्या थी ? केंचुआ उनका था, है। ईवीएम उनकी है और मीडिया उनका है ही। एक्जिट पोल दरअसल 4 जून को पहले से रचे गए कथित झूठ के नाटक की ताईद करने की एक निकृष्ट कोशिश है। देश में जब निशियाम बकबक करने वाले टीवी चैनल नहीं हुआ करते थे तब हम भी अखबारों के लिए सम्भावनाएँ तलाशने के लिए तमाम पापड़ बेलते थे, और आप यकीन कीजिये की हमारे अनुमान भी सटीक ही बैठते थे लेकिन हम और हमारी पीढ़ी के पत्रकारों ने कभी भी जनादेश से पहले किसी पार्टी की सरकार नहीं बनवाई। न किसी दल के लिए लाल गलीचे नहीं बिछाए।

जगजाहिर है कि देश में पहली बार चुनाव प्रचार की रेल मुद्दों की पटरी से परे दौड़ाने की कोशिश की गयी। सरकार की उपलब्धियों के बजाय विपक्ष की खामियों पर चुनाव लड़ने की कोशिश की गयी। उपलब्धियां गिनाने के बजाए विपक्ष के ऐब गिनाये गये। मुद्दों पर धूल डालकर उनकी जगह ' हौवे ' खड़े किये गए। कभी मंगलसूत्र खतरे में डाला गया तो कभी सनातन को। कभी हिन्दू -मुसलमान किया गया तो कभी अल्संख्यकों के आरक्षण को पिछड़ों के आरक्षण पर डकैती बताया गया तो कभी विरासत और भैंस तक को बीच में लाया गय। चुनाव प्रचार का समापन मुसलमानों के सामने विपक्ष के कथित मुजरे से हुआ। आदर्श आचार संहिता का पहरेदार केंचुआ आँखें नटेर कर सब कुछ देखता रहा। और वो सब कुछ हुआ जो नहीं होना चाहिए था।

इस आम चुनाव में गरीबी, मंहगाई, बेरोजगारी और तो और एक जाति विशेष की अस्मिता का मामला भी यदि जनता की समझ में नहीं आया तो समझ लीजिये की जनता की आँखों में जो रतौंधी दस साल पहले पैदा की गयी थी वो अब अंधत्व में बदल चुकी है। जनता के मताधिकार से अब कोई तब्दीली नहीं हो सकती। हमारा जन प्रतिनिधित्व कानून अब एक ढकोसला बनकर रह गया है। हमारे पास जनता का गुस्सा प्रकट करने का कोई हथियार नहीं बचा है । मताधिकार हो या जनादेश या केंचुआ सभी पर सत्ता प्रतिष्ठान का नियंत्रण है। ताउम्र सत्ता में बने रहने की ललक है, लिप्सा है। ये चुनाव किसी सरकार का नहीं बल्कि इस बात का फैसला करेगा कि जनता अपने मताधिकार से वंचित की जा चुकी है या नहीं ? ये जनादेश सत्ता प्रतिष्ठान की साजिशों,मूर्खताओं और सियासत में अदावत का जहर घोलने के पक्ष में है या खिलाफ ? फैसला जनता को करना है लेकिन लगता है कि ये फैसला भी सत्ता प्रतिष्ठान ने अपने हाथों में ले लिया है। जनता फिर एक बार ठगी जाने वाली है मदारियों के हाथों।

चूंकि मैंने खुद तो चुनाव लड़ा नहीं है इसलिए एक्जिट पोल देखने के बाद मेरा कोई जाती नुक्सान तो होने से रहा, लेकिन जो नुक्सान देश का और जनता का होने वाला है उसकी कल्पना से मेरे मन में हल्की सी सिहरन जरूर है। देश आपातकाल के काले बादलों से 19 महीने में मुक्ति पा गया था लेकिन लगता है कि अब उसे अमर्यादित और कुंठित राजनीति के काले बादलों से मुक्ति के लिए अभी और प्रतीक्षा करना पड़ेगी। दुर्दिन कभी स्थाई नहीं होते। उनकी उम्र लम्बी जरूर हो सकती है। जनता यदि अपने मताधिकार के जरिये तबे पर जलती रोटी को नहीं पलट सकती तो उनके नसीब में जली रोटी ही लिखी है ये मानकर चलना चाहिए। मानकर चलना चाहिए कि उसके नसीब में तड़ीपार,बटमार और टपोरी नेतृत्व ही लिखा है। यहाँ मैं कवि प्रदीप की इस बात से बिलकुल सहमत नहीं हूँ कि -

कोई लाख करे चतुराई,
करम का लेख मिटे ना रे भाई '।

करम [किस्मत ] का लेख, सुलेख, आलेख सब मिटाये जा रहे हैं, 'कान्सप्रेसी थ्योरी' के जरिये। इलेक्टोरल बांड से मिले पैसे के जरिये। किस्मत अब पत्थर की लकीर नहीं, बल्कि रेत पर लिखी इबारत जैसी है। बहरहाल आप और हम सभी मिलकर एक्जिट पोल का आनंद लें और 'स्क्रिपिटेड जनादेश की प्रतीक्षा करें। जो हो उसे शिरोधार्य करने की तैयारी करें। भाजपा ने तो जनादेश आने के पहले ही 9 जून को कर्तव्य पथ पर माननीय मोदी जी के शपथ ग्रहण की तयारी कर ली है और राहुल गांधी का अमेरिका यात्रा का टिकिट कटवाकर वायरल करा दिया है।

# मतगणना प्रेक्षक ने कर्मियों का किया रेंडमाइजेशन, डीएम ने दी जानकारी

## मतगणना स्थल में इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को 236चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र की रामायण मेला परिसर में सवेरे आठ बजे से होगी। सोमवार को उन्होंने बताया कि मतगणना केन्द्र से सौ मीटर परिधि को पैदल जोन चिन्हित किया है। किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। मतगणना स्थल में प्रवेश को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों या उनके नियुक्त मतगणना अभिकर्ता तथा मतगणना कार्य में लगे कर्मियों के वाहनों की पार्किंग चिन्हित स्थलों पर की जायेगी। समस्त सम्बन्धित से कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल, लैपटाप, इलेक्ट्रानिक वाच, इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना प्रतिबन्धित रहेगा।


प्रेक्षक को जानकारी देते डीएम।

## प्रेक्षक से चुनावी समस्या पर कर सकते हैं सम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना को भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त प्रेक्षक दो जून को आ गई हैं। उन्हें लोनिवि विश्राम गृह में ठहराया है। सोमवार को उन्होंने बताया कि प्रेक्षक से सम्पर्क सवेरे दस बजे से 12 बजे तक कर सकते हैं। लाइजन जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र सिंह हैं। मोबाइल नम्बर 9451326129 व खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह मोबाइल नम्बर 8887534775 व सहायक निदेशक मत्स्य सुश्री भानु चन्द्रा मोबाइल नम्बर 9548831997 है। कोई भी राजनैतिक दल/चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार/निर्वाचन अभिकर्ता व आम नागरिक उनके अधिकारिता के चुनाव क्षेत्र से सम्बन्धित किसी भी शिकायत, समस्या, समाधान को प्रेक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संसदीय क्षेत्र लोकसभा 48 बांदा-चित्रकूट की मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष व सकुशल संपन्न कराने को भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त मतगणना प्रेक्षक श्रीमती सिद्धि टी हलर्नकर की अध्यक्षता व जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर की मौजूदगी में मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर से कंप्यूटर सिस्टम से एनआईसी कलेक्ट्रेट में हुई।

सोमवार को रेंडमाइजेशन में सीएस, सीए, एमजी, क्लास चार का रेंडमाइजेशन हुआ। रेंडमाइजेशन के बाद ड्यूटी ऑर्डर बांटे गये। जिलाधिकारी ने बताया कि दोनों विधानसभाओं में 14-14 टेबल पर मतगणना कर्मी लगाये हैं। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। कोई समस्या नहीं आयेगी।

रेन्डमाइजेशन में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/ एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, बीएसए लव प्रकाश यादव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## नश्वर पदार्थों की प्राप्ति में समय, साधन न करें व्यर्थः नवलेश दीक्षित

**अखंड भारत संदेश**


कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

**चित्रकूट।** सीतापुर कस्बे में श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन कथा व्यास भागवत रत्न नवलेश दीक्षित ने भगवान कृष्ण के जन्म व लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

सोमवार को नवलेश दीक्षित ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। दूध का सार तत्व माखन है। गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया। प्रभु समझाते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में समय, साधन व सामर्थ को अपव्यय न करे। अपने अंदर स्थित परमात्मा को पाने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान गिरजाशंकर पांडे, धर्मपत्नी सुशील पांडे ने विद्वत पूजन किया।

# लू की चपेट में आये मजदूर की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मजदूरी करने को बाइक से जा रहा मजदूर लू की चपेट में आने से सीएचसी में भर्ती कराया। रेफर होने पर जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है। बांदा जिले के कालिंजर थाने के तिरहटी मोहल्ला के छोटे भाई प्रेम ने बताया कि बड़े भाई रमेश सोनकर (55) प्रयागराज जिले में ईंट-भट्ठे में मजदूरी करते थे। रविवार को सवेरे गांव से उन्हें लेकर बाइक से प्रयागराज जा रहे थे। भीषण गर्मी से रास्ते में तबियत खराब हो गई। आनन- फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उपचार कर जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई प्रेम व भतीजा विनोद ने बताया कि वे शराब के नशे में रहता था। 15 दिन पहले प्रयागराज से मजदूरी कर गांव आया था। गांव में शराब पीकर इधर-उधर घूमता रहता था। परिजनों ने बताया कि लू लगने से उसकी मौत हुई है। पत्नी मीरा देवी का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## गर्मी का कहरः बुखार-पेटदर्द से दो की मौत, आठ मरीज भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी में अस्पताल में मरीजों की तादाद बढती जा रही है। दो मरीजों की मौत हो गई, बुखार, पेटदर्द, उल्टी, दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं। सोमवार को कर्वी कोतवाली के भरतपुरी की गीतांजलि त्रिपाठी (56) को पति अनिरुद्ध त्रिपाठी ने बुखार-पेट दर्द से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पति ने बताया कि पेट दर्द बाद पत्नी के सीने में दर्द हुआ था। तरांव गांव के चुन्नीलाल (35), सकरौली के राजेश (30), देवकली के पंकज सिंह की पुत्री आस्था सिंह, एसडीएम कालोनी की अस्मिता, परसौंजा की अनीता (32), कुचारम के अजीत सिंह की आठ वर्षीय पुत्री अराधना, कर्वीमाफी के आनंद (19), देहरुचमाफी की शांति देवी को उल्टी, दस्त, पेट दर्द व बुखार से भर्ती कराया गया है।

## हादसा आरोपी को हुआ ढाई हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार नियाज राइन की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को ढाई हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है। सोमवारक को अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार यादव की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा ने मानिकपुर थाने में दर्ज हादसे के आरोपी उमेशचन्द्र साहू पुत्र दुलीचन्द्र साहू रामपुर कल्याणगढ़ को ढाई हजार रुपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

# ज्येष्ठ माह का मेला करायें सम्पन्नः डीएम

## न लगे अवैध पार्किंगः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में ज्येष्ठ माह के अमावस्या मेला को संपन्न कराने को जोनल मजिस्ट्रेट/ सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि छह जून को अमावस्या है, जो पांच जून से सात जून तक चलेगी। मेला को देखते हुए तीन जोन व 12 सेक्टर बांटा है।

सोमवार को कलेक्टेट्रट सभागार में डीएम ने कहा कि जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित कर पर्याप्त पुलिस बल लगाया है। एक्सईएन सिंचाई, एक्सईएन जल संस्थान, ईओ नगर पालिका को संबंधित जिम्मेदारी सौंपी है। रामघाट पर प्याऊ लगायें। परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। सभी प्वाइंटों पर तैनात रहकर सुरक्षा व्यवस्था कायम रख मेला को संपन्न करायें। पार्किंग की निर्धारित दरों पर वसूली करायें। प्राइवेट पार्किंग संचालित न हो। मेला दौरान जीआरपी रेलवे से ट्रेन में यात्रियों की भीड़ बाबत जानकारी करते रहें। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, सीओ सिटी राजकमल, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, ईओ नगर पालिका लालजी यादव आदि मौजूद रहे।


बैठक में निर्देश देते डीएम-एसपी।

# मतगणना में धांधली हुई तो बर्दाश्त नहीं करेंगे सपाईः शिवशंकर

## हर संघर्ष को मुस्तैद हैं सपाईः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि चार जून की मतगणना जिला प्रशासन निष्पक्षता से कराये। ऐसा न करने पर सपाई हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। चेताया कि मतगणना में कोई धांधली होने पर सपा बर्दाश्त नहीं करेगी।

सोमवार को सपा जिला कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में जनता ने बढ-चढकर चुनाव में हिस्सा लिया है। दस साल से सत्ता में काबिज भाजपा ने देश के दबे-कुचलों, किसानों, नौजवानों बाबत चुनाव में एक शब्द नहीं कहा। महंगाई-बेरोजगारी बाबत प्रधानमंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। वे निरर्थक मछली, मटन, मंगलसूत्र, मुसलमान जैसे राग अलापते रहे। संविधान व लोकतंत्र की रक्षा तथा आरक्षण और किसानों की फसलों की लागत, अग्निवीर जैसे मुद्दों को उठाकर इंडिया गठबंधन ने जनता के बीच अपनी पकड बनाई। जनता ने भी भरपूर वोट का समर्थन दिया। भाजपाई झूंठ बोलने में माहिर है। फर्जी ढंग से एक्जिट पोल से जनता को भरमा रहे हैं। ऐसे में मतगणना में कोई धांधली हुई तो सपाई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सपा विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि जिस तरह से शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव हुआ है, उसी प्रकार से निष्पक्ष मतगणना भी होनी चाहिए। ऐसा न होने पर सपाई हर तरह के संघर्ष को मुस्तैद हैं। उन्होंने मांग किया कि मतगणना कार्य पूरी तरह से पारदर्शिता व निष्पक्षता से होना चाहिए। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, सपा नेता निर्भय सिंह पटेल, सूरज सिंह पटेल, अरशद खान, नरेन्द्र यादव, सत्यनारायण पटेल, मो गुलाब खां आदि मौजूद रहे।


पत्रकारों से बात करते सपा जिलाध्यक्ष आदि।

## अज्ञात महिला की हत्या का खुलासा, चार दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की टीम ने चार को दबोच थाना क्षेत्र में एक अज्ञात महिला की हत्या का खुलासा किया है। सोमवार को राजापुर थाने के तीरमऊ गांव छह मई को अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने मामला दर्जकर रोहित निषाद पुत्र संतराम, दुर्गा प्रसाद पुत्र कुंवरवा, मैकू पुत्र रामभरोसे निवासी टिकरा मजरा सिरावल व मोहन निषाद पुत्र श्याम निषाद भिटरिया थाना मऊ को दबोचकर अज्ञात महिला की हत्या का खुलासा किया है। रोहित निषाद ने पूंछताछ में बताया कि तीस अप्रैल को वह साथी मोहन के साथ कौशाम्बी के थाना मुहम्मदपुर पाइसा के एक गांव की अपनी प्रेमिका को भगा लाया था। 30 अप्रैल को प्रेमिका व मोहन के साथ मथुरा ईंट-भट्टे पर चला गया था। परिजनों के दबाव पर वह प्रेमिका को लेकर मोहन के साथ पांच मई को आया था। सामाजिक दबाब व अन्य बातों के चलते रात ढाई बजे नये घर में प्रेमिका को ले जाकर दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या में तीनों ने सहयोग किया। हत्या बाद सूरत भाग गया। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म आदि की धारायें बढाई। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार, निरीक्षक अपराध विनोद कुमार, दरोगा कन्हैया बक्स सिंह, दरोगा इमरान खान, सिपाही प्रकाश मिश्रा व अजय मिश्रा शामिल रहे।


हत्या का खुलासा करते एसपी आदि।

# बनवासी बेटियों ने कत्थक थाप पर दिखाया हुनर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक माह से अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान में संस्थापक गोपाल भाई ने पाठा की 35 बनवासी बेटियों के व्यक्तित्व विकास ज्योति शिविर प्रशिक्षण में बेटियों को नाट्यकला प्रशिक्षण समेत कत्थक नृत्य प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रदर्शन दो जून को संस्थान में हुआ।

रविवार को शुभारंभ दीप जलाकर अतिथियों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष राजेश सिन्हा ने किया। वनवासियों के राम नाटक का प्रदर्शन हुआ। प्रस्तुति देख सभी दर्शक भावुक हो गये। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष कमलेश थापक ने कहा कि ऐसा प्रदर्शन नहीं देखा। कामतानाथ प्रथम मुखारबिंद के मदन गोपालदास महाराज ने आशीर्वचन दिया। कत्थक नृत्य का प्रशिक्षण आकांक्षा पांडेय ने दिया। बेटियों के प्रयासों व प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। आलोक द्विवेदी ने कहा कि पाठा के वनवासी सदैव प्रतिभा के धनी रहे हैं। कार्यक्रम में अर्चन, सचिंद्र उपाध्याय, मनोज द्विवेदी, दृष्टि संस्थान संस्थापक शंकरलाल गुप्ता, बलबीर सिंह समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। संचालन रीना सिंह ने किया। अतिथियों का आभार संस्थान निदेशक राष्ट्रदीप ने जताया।


हुनर दिखाती पाठा की बेटियां।

## तीन घरों से चोरों ने चुराये साढ़े छह लाख

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के महराजपुर गांव में चोर एक रात में तीन घरों से साढ़े छह लाख रुपये की नगदी -जेवर लेकर फरार हो गये। सोमवार को महराजपुर गांव के छोटेलाल ने बताया कि चोरघर के पिछवाड़े दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुस आये, परिवार सो रहे थे। रविवार को सवेरे जागने पर कमरे में सामग्री फैली देखी। चोरों ने एक लाख नगद व दो लाख के जेवर चोरी कर ले गये। चोर पड़ोसी माया देवी के घर से पचास हजार रुपये व एक लाख के जेवर चुरा ले गये।

इसी क्रम में विजय प्रजापति के घर से चोर दस हजार रुपये व दो लाख के जेवर चुरा ले गये। सूचना पर रविवार को थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने घटना की जानकारी ली। जल्द ही चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिया। तहरीर पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### गुटखा कारोबारियों से हुयी लूट का खुलासा

# चार लुटेरे दबोचे, लूट के दो लाख 20 हजार, दो बाइक, तमंचा-कारतूस -चाकू बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मानिकपुर के गुटखा कारोबारी से लूट करने वाले चार लुटेरों को दो लाख बीस हजार रुपये, मोटरबाइक, तमंचा, कारतूस, चाकू समेत दबोचने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से कहा कि 25 मई को कल्याणपुर जंगल में मानिकपुर के गुटखा व्यापारी हंसराज केशरवानी व दिलीप केशरवानी मोटरबाइक से रोज की भांति कल्याणपुर जंगल से होते हुए गुटखा लेने सतना जा रहे थे। चार बदमाशों ने दो मोटरबाइकों से पीछा कर उनसे तीन लाख 43 हजार रुपये छीनकर भाग गये। मानिकपुर पुलिस व एसओजी टीम ने दो जून की रात नारायण कुमार गुप्ता उर्फ छोटू पुत्र स्व विजय कुमार गुप्ता वीरपुर मजरा झखौरा थाना धारकुण्डी जिला सतना मप्र, यासीन हसन उर्फ हसीन पुत्र नूरुल हसन घोघर कन्या पाठशाला सिटी कोतवाली रीवा मप्र, रविकान्त यादव पुत्र स्व सीताराम यादव सेलौरा मजरा झखौरा थाना धारकुण्डी जिला सतना व अयूब खान उर्फ राहत पुत्र जुम्मन खान मोहल्ला निपनिया सिटी कोतवाली रीवा मप्र को दबोचकर कब्जे से दो लाख बीस हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक, तमंचा, कारतूस, चाकू आदि बरामद किया। चारों का आपराधिक इतिहास है। टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह, निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, दरोगा मुकेश सिंह परिहार, दरोगा रामेश्वर प्रसाद, दरोगा राजोल नागर, दरोगा यूटी पवन चैधरी, सिपाही दीपक कुमार, कमलेश कुमार, प्रमोद पासवान, महिला सिपाही अंशु सैनी व एसओजी/ सर्विलांस टीम के निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुमार, सिपाही रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोशन, राघवेन्द्र व गोलू भार्गव शामिल रहे। प्रेसवार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ मऊ जयकरन सिंह मौजूद रहे।


पुलिस गिरफ्त में लुटेरों पर बताते एसपी।

# मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति की आखिर क्यों हो रही इतनी चर्चा, जानें कारण



**मेक्सिको सिटी:** क्लाउडिया शाइनबाम को मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है. इतिहास में पहली बार हुआ है जब कोई महिला मेक्सिको की राष्ट्रपति बनी है. मेक्सिको सिटी की पूर्व मेयर 61 वर्षीय क्लाउडिया ने रविवार को हुए चुनाव को लगभग 60 प्रतिशत वोट के साथ जीता. देश के चुनाव प्राधिकरण ने क्लाउडिया की जीत की आधिकारिक घोषणा की। वामपंथी पार्टी मुरैना की उम्मीदवार क्लाउडिया ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी और व्यवसायी सोचिटिल गैल्वेज की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक अंक जीते. क्लाउडिया मोरेना पार्टी के संस्थापक और वर्तमान मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज की भी विश्वासपात्र हैं। बता दें, एंड्रेस 1 अक्टूबर को पद छोड़ देंगे और क्लाउडिया राष्ट्रपति का पद संभालेंगी. मेक्सिको सिटी की मेयर क्लॉडिया शाइनबाम देश के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक है. इसी ने उन्हें राष्ट्रपति पद की राह पर मजबूत किया. जब एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज मेक्सिको सिटी के मेयर थे उस वक्त क्लाउडिया पर्यावरण सचिव थीं. 2018 में वह मेक्सिको सिटी की पहली महिला मेयर बनीं थी। क्लाउडिया ने ऊर्जा इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है और वह एक जलवायु वैज्ञानिक भी हैं. उनके माता-पिता भी वैज्ञानिक थे

. उन्होंने कैलिफोर्निया के एक अनुसंधान केंद्र में मैक्सिकन ऊर्जा खपत का अध्ययन करने में कई साल बिताए. क्लाउडिया जलवायु परिवर्तन मुद्दों की विशेषज्ञ हैं. राष्ट्रपति के अलावा, मैक्सिकन कांग्रेस के सदस्य, आठ राज्यों के गवर्नर, मैक्सिको सिटी सरकार के प्रमुख और लगभग एक हजार क्षेत्रीय प्रशासक भी चुने गए। रविवार को हुए विशाल और ऐतिहासिक चुनाव में मैक्सिकन लोगों ने राष्ट्रीय और स्थानीय दोनों उम्मीदवारों के लिए मतदान किया. रिपोर्ट के अनुसार, यह चुनाव देश के इतिहास का सबसे बड़ा चुनाव था, जिसमें 98 मिलियन से अधिक पात्र मतदाता थे और 20,000 से अधिक सार्वजनिक पद के लिए चुनाव हो रहे थे. अग्रणी राष्ट्रपति पद की दौड़ वामपंथी मोरेना पार्टी की क्लाउडिया शिनबाम और विपक्षी गठबंधन की जोचिटल गैल्वेज के बीच होने की बात कही जा रही है. तीसरे उम्मीदवार सेंटर-लेफ्ट सिटिजन्स मूवमेंट के जॉर्ज अल्वारेज मेनेज हैं. नेशनल इलेक्टोरल इंस्टीट्यूट ऑफ मेक्सिको (कठए) के अनुसार, पूरे देश में मतदान केंद्र रविवार शाम को बंद कर दिए गए थे.


**क्लाउडिया शाइनबाम के लिए आसान नहीं राह**

मेक्सिको लैटिन अमेरिकी देशों में तीसरे स्थान पर है जहां राष्ट्रीय कैबिनेट में सबसे ज्यादा 44 फीसदी महिलाएं हैं और इसके 32 राज्यों में 10 महिला गवर्नर हैं. हालांकि, कुछ स्वदेशी गांवों में अभी भी पुरुषों के पास सत्ता है. मैक्सिकन महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों में महिला हत्या, या लिंग के कारण महिलाओं की हत्या, लैंगिक रोजगार अंतर और यौन और प्रजनन अधिकारों की गारंटी देने वाली अपर्याप्त नीतियां शामिल हैं. 61 वर्षीय शीनबाम को 1 अक्टूबर को पदभार ग्रहण करने के बाद इन मुद्दों को काम करना होगा.

**महिला हत्या और लैंगिक हिंसा**

यू.एन. महिलाओं के अनुसार, मेक्सिको में हर दिन 10 महिलाएं महिला हत्या की शिकार होती हैं. 2023 में यह संख्या 3,000 हो गई थी.

# जापान के इशिकावा प्रांत में 5.9 तीव्रता का भूकंप, बुलेट ट्रेनों को अस्थाई तौर पर रोका गया




**टोक्यो।** जापान के इशिकावा प्रांत के नोटो प्रायद्वीप क्षेत्र में सोमवार सुबह 6:31 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.9 दर्ज की गई। भूकंप आने से लोग डरकर अपने घरों से बाहर निकल आए। नोटो शहर, नानाओ और अनामिजू शहर के अलावा निगाटा प्रांत के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। अभी तक अधिकारियों ने सुनामी के किसी खतरे की पुष्टि नहीं की है। इस बारे में जापान के प्रमुख समाचार पत्र द जापान टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में विस्तार से चर्चा की है।

रिपोर्ट में मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से कहा गया है कि पांच महीने पहले भी शक्तिशाली भूकंप आया था। तब भारी क्षति हुई थी। एजेंसी के मुताबिक आज के भूकंप से नोटो प्रायद्वीप के उत्तरी सिरे के पास वाजिमा और सुजु शहर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। टोक्यो इलेक्ट्रिक पॉवर के अनुसार, निगाटा प्रांत में काशीवाजाकी शहर और करिवा गांव में स्थित काशीवाजाकी-कारीवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। ईस्ट जापान रेलवे कंपनी ने कहा कि बिजली कटौती के कारण जोएत्सु और होकुरिकु शिंकानसेन बुलेट ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी गईं। भूकंप के कारण दूरदराज के कांटो क्षेत्र में स्मार्टफोन पर विशेष प्रारंभिक चेतावनी अलर्ट जारी किए गए हैं। निगाटा, फुकुशिमा और टोयामा प्रांतों सहित कुछ स्थानों पर तेज झटके महसूस किए गए।

## शू वेई ने कोलकाता में छठे चीनी महावाणिज्यदूत के रूप में जिम्मेदारी संभाली



**कोलकाता।** शू वेई ने कोलकाता में नए चीनी महावाणिज्यदूत के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। देर शाम एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। उन्होंने झा लियू की जगह ली। आधिकारिक बयान में कहा गया कि शू वेई एक जून को यहां पहुंचे और महावाणिज्य दूतावास के अधिकारियों और भारतीय-चीनी समुदाय के प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ऑफिशियल बयान में कहा गया, ह्लमहावाणिज्य दूतावास चीन और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान और सहयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा देगा, दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ और मित्रता को गहरा करेगा, तथा चीन-भारत संबंधों के सुदृढ़ और स्थिर विकास में योगदान देगा। उल्लेखनीय है कि शू वेई कोलकाता में छठे चीनी महावाणिज्यदूत हैं।

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या का आरोपित काठमांडू से गिरफ्तार, मुख्य आरोपित अमेरिका भागा

**काठमांडू।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की कोलकाता में हुई हत्या के एक आरोपित को काठमांडू से गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम में आज कई स्थानों पर दबिश दी है। इस बीच सांसद की हत्या के मुख्य आरोपित के काठमांडू के रास्ते अमेरिका भाग जाने का खुलासा हुआ है।

कोलकाता में व्यापारिक साझेदार के जरिये सुपारी देकर कराई गई बांग्लादेश के सांसद अनवारूल अजीम अनार की हत्या के मुख्य आरोपित के अमेरिका फरार हो जाने की पुष्टि हुई है। नेपाल पुलिस के सूत्रों ने अमेरिकी पासपोर्ट होल्डर रहे सांसद के व्यापारिक साझेदार अख्तरूज्जमा के अमेरिका फरार होने की जानकारी दी है। नेपाल से सड़क के रास्ते कोलकाता पहुंचे अख्तरूज्जमा को इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। उसने कुछ स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सांसद अजीम अनार की हत्या करवाई और फिर काठमांडू के रास्ते अमेरिका भाग जाने का दावा किया जा रहा है।

नेपाल के इमीग्रेशन विभाग के मुताबिक मुख्य साजिशकर्ता अख्तरूज्जमा 20 मई को दिल्ली से इंडिगो एयरलाइंस से काठमांडू पहुंचा था। इमिग्रेशन विभाग के रिकार्ड के मुताबिक अख्तरूज्जमा 21 मई को ही नेपाल से दुबई होते हुए अमेरिका रवाना हुआ था। इमिग्रेशन में मौजूद रिकार्ड के मुताबिक उसने विमान संख्या एफजेड-574 से 21 मई को रात सवा 1 बजे काठमांडू से दुबई के लिए बोर्डिंग पास लिया था। दुबई से ही अमेरिका के लिए उसका विमान था, जिसका बोर्डिंग पास काठमांडू से ही जारी किया गया था।

नेपाल पुलिस की जांच से खुलासा हुआ है कि सांसद की हत्या में संलग्न 31 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद सियाम हुसेन बांग्लादेश की उड़ान संख्या बीजी-373 के जरिये ढाका से नेपाल पहुंचा था। इसके बाद वह 2 मई को काठमांडू से सड़क मार्ग से कोलकाता पहुंचा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह एक महीने के टूरिस्ट वीजा पर नेपाल आया था। उसकी वीजा अवधि 1 जून को समाप्त होने वाली थी। वह वीजा अवधि खत्म होने के ठीक दो दिन नेपाल से बांग्लादेश भागने वाला था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़कर नेपाल के इमीग्रेशन विभाग को सौंप दिया था। मोहम्मद सियाम हुसेन को कस्टडी में लेकर ढाका ले जाने के लिए बांग्लादेश के खुफिया विभाग के डीआईजी मोहम्मद हारून रशीद आज ही काठमांडू पहुंचे हैं। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे कल ही बांग्लादेश के विमान से ढाका ले जाया जाएगा।

# नेतन्याहू सरकार ने कहा, गाजा में युद्धविराम पर बाइडन की योजना अच्छी नहीं, इजराइल आगे बढ़ेगा



**यरुशलम।** इजराइल की नेतन्याहू सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमति बनाता हुआ दिख रहा हे, इसे दूसरे शब्दों में कहें तो उस पर इसे स्वीकार करने का दबाव दिखाई दे रहा है। बाइडन के प्रस्ताव से एक दिन पहले असहमति जता रही इजराइली सरकार के रविवार को सुर बदले हुए सुनाई दिए।

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के विदेश नीति मामलों के मुख्य सलाहकार ओफिर फाक ने कहा है कि गाजा को लेकर बाइडन की योजना अच्छी नहीं है लेकिन कुछ बदलावों के साथ इजराइल उसे स्वीकार करेगा।

हमास ने कहा है कि अगर इजराइल बाइडन के प्रस्ताव पर आगे बढ़ता है तो वह भी आगे बढ़कर समझौता करने को तैयार है। बाइडन ने गाजा में स्थायी युद्धविराम के लिए तीन चरण का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव के अनुसार हमास बंधक बनाए 100 इजराइली नागरिकों और 30 बंधकों के शव इजराइल को देगा, बदले में इजराइल फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा।

यह प्रक्रिया शांत माहौल में पूरी की जाएगी। बाइडन ने इजराइल और हमास से अपील की है कि वे लचीला रुख दिखाकर युद्ध को खत्म कर गाजा में शांति कायम करें।

दोनों पक्षों के बीच महीनों से मध्यस्थता कर रहे मिस्त्र और कतर ने बाइडन की योजना का समर्थन किया है। दोनों देशों की सरकारों ने इजराइल और हमास से इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

बंधकों की रिहाई के बदले स्थायी युद्धविराम की बाइडन की योजना पर इजराइली सरकार के ठंडे रुख को भांपते हुए रविवार को तेल अवीव की सड़कों पर 1,20,000 प्रदर्शनकारी उमड़ पड़े। ये प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाकर बंधकों की रिहाई के लिए हमास से समझौता किए जाने की मांग कर रहे थे। साथ ही देश में नया चुनाव करवाकर सरकार बनाए जाने की मांग कर रहे थे।

नेतन्याहू सरकार की मुश्किल यह है कि समर्थन दे रहे दक्षिणपंथी दलों ने गाजा में स्थायी युद्धविराम करने पर सरकार से अलग होने की धमकी दी है। लेकिन याएर लैपिड के नेतृत्व वाले मुख्य विपक्षी दल ने बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर सरकार के समर्थन का एलान किया है। इसके चलते ही रविवार को नेतन्याहू सरकार के सुर बदले हैं।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पोलियो टीकाकरण टीम पर हमला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीकाकरण टीम को फिर निशाना बनाया गया है। प्रांत के चमन शहर में धरना समिति के सदस्यों ने टीम और सुरक्षा के लिए तैनात लेवी कर्मियों पर लाठियां बरसाईं। चमन के डीसी राजा अतहर अब्बास ने सोमवार को घटना की पुष्टि की है। डीसी अब्बास का कहना है कि धरना समिति के सदस्यों ने चमन में पोलियो टीकाकरण टीम पर लाठियों से हमला किया। इस हमले में चार लेवी कर्मचारी घायल हो गए। इन कर्मचारियों को पोलियो विरोधी अभियान के दौरान टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया था। डीसी चमन ने कहा कि हमलावरों ने पुलिस और लेवीकर्मियों से वैक्सीन और हथियार छीनने की कोशिश की। बलूचिस्तान सरकार ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा है कि आरोपितों के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

पाकिस्तान के चुनिंदा जिलों में इस समय पोलियोरोधी अभियान चल रहा है। इसके तहत पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीमें घर-घर जाकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। शनिवार को सिंध प्रांत के शिकारपुर जिले में भरकन यूनियन काउंसिल के एक पदाधिकारी के दो वर्षीय पुत्र में पोलियो के लक्षण मिले थे।

## पाकिस्तान के हैदराबाद विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 12



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हैदराबाद के प्रीताबाद इलाके में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर सोमवार को 12 हो गई। यह विस्फोट रविवार को तरल पेट्रोलियम गैस सिलेंडर भरने की दुकान में हुआ था। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट में विवरण प्रसारित किया गया है।

एआरवाई न्यूज के अनुसार, यह दुकान नीरुनकोट के यूसी-8 में मीर नबी बक्स टाउन रोड के किनारे जच्चा-बच्चा अस्पताल क्षेत्र के भूतल पर है। गंभीर रूप से झुलसे सात लोगों का कराची सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस विस्फोट में कम से कम 60 लोग झुलसे हैं। इनमें अधिकतर बच्चे हैं। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को लियाकत यूनिवर्सिटी अस्पताल (एलयूएच) से कराची स्थानांतरित किया गया है।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली ने मंत्रियों के साथ बर्न वार्ड का दौरा किया और पीड़ितों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली है। सिंध सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

# रूपर्ट मर्डोक ने 93 साल में रूस की 67 वषीर्या एलेना जुकोवा से रचाई शादी



**न्यूयॉर्क।** मीडिया मुगल के नाम से दुनिया भर में प्रसिद्ध रूपर्ट मर्डोक ने 93 साल में पांचवी बार शादी की। उनकी कंपनी ह्यन्यूज कॉर्पह्ल ने इस जानकारी की पुष्टि की।

मर्डोक और 67 वर्षीय रूसी मूल की सेवानिवृत्त आणविक जीवविज्ञानी एलेना जुकोवा ने शनिवार को कैलिफोर्निया के बेल एयर स्थित अपने फार्म हाउस में शादी की। न्यूज कॉर्प ने जोड़े की तस्वीरें साझा की। इससे पहले, मार्च में दोनों ने सगाई की थी।

मर्डोक ने इससे पहले साल 2016 में मॉडल एवं अभिनेत्री जेरी हॉल से शादी की थी।

हालांकि, 2022 में उनका तलाक हो गया था। जुकोवा ने इससे पहले अरबपति निवेशक और रूसी राजनीतिज्ञ अलेक्जेंडर जुकोवा से शादी की थी। उनकी बेटी दशा की शादी पहले रूसी अरबपति रोमन अब्रामोविच से हुई थी, जो प्रीमियर लीग फुटबॉल क्लब चेल्सी के मालिक थे।

पिछले साल मर्डोक ने फॉक्स न्यूज की मूल कंपनी और न्यूज कॉर्प के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## बांग्लादेश के सांसद की हत्या मामले में पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम ने नेपाल में कई जगह दी दबिश


**कोलकाता।** बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में भारत और बांग्लादेश की सुरक्षा एजेंसियां तीन देशों की खाक छान रही हैं। बांग्लादेश और भारत के बाद अब नेपाल में पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम में दबिश दी है। राज्य सीआईडी के सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मुख्य संदिग्ध के एक साथी की तलाश में बांग्लादेश की पुलिस टीम के साथ पश्चिम बंगाल सीआईडी के अधिकारी भी नेपाल गए हैं।

# ट्रंप टिकटॉक से जुड़े, इससे प्रचार अभियान को देंगे धार

**न्यूयॉर्क:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लोकप्रिय वीडियो-शेयरिंग ऐप टिकटॉक से जुड़ गए हैं. उन्होंने टिकटॉक पर एक वीडियो भी शेयर किया. टिकटॉक एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे उन्होंने एक बार राष्ट्रपति रहते हुए प्रतिबंधित करने की कोशिश की थी. दो दिन पहले वह अमेरिकी इतिहास में पहले पूर्व राष्ट्रपति और प्रमुख पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए, जिन्हें गुंडागर्दी के आरोपों में दोषी पाया गया.

ट्रंप ने टिकटॉक वीडियो में कहा, 'यह सम्मान की बात है. शनिवार की रात न्यू जर्सी के नेवार्क में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप फाइट में प्रशंसकों को हाथ हिलाते और सेल्फी के लिए पोज देते हुए उनकी फुटेज है. वीडियो के अंत में ट्रंप कैमरे पर कहते हैं 'यह एक अच्छा वॉक-ऑन था, है न?' रविवार सुबह तक ट्रम्प के इस प्लेटफॉर्म पर 1.1 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हो गए थे और पोस्ट को एक मिलियन से अधिक लाइक और 24 मिलियन से अधिक व्यूज मिले थे. ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने अभियान के मंच से जुड़ने के निर्णय के बारे में एक बयान में कहा, 'हम कोई भी मोर्चा खाली नहीं छोड़ेंगे. यह ट्रंप समर्थक और बाइडेन विरोधी सामग्री का उपभोग करने वाले युवा दर्शकों तक निरंतर पहुंच का प्रतिनिधित्व करता है.' उन्होंने कहा, 'पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के टिक टॉक को लॉन्च करने के लिए यूएफसी (वऋउ) इवेंट से बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती, जहां उनका हीरो जैसा स्वागत हुआ और हजारों प्रशंसकों ने उनका उत्साहवर्धन किया.'

डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अप्रैल में कानून पर हस्ताक्षर किए थे जो अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा सकता था. यहां तक ??कि उनका अभियान फरवरी में भी शामिल हो गया था और प्रभावशाली लोगों के साथ काम करने की कोशिश की थी. न्यूर्क प्रूडेंशियल सेंटर में हुए मुकाबले में ट्रंप का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया, जहां भीड़ ने 'हम ट्रम्प को प्यार करते हैं' के नारे लगाए. एक अन्य ने बाइडेन को अपशब्दों से अपमानित किया.



यह ट्रम्प का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन था, क्योंकि न्यूयॉर्क में एक जूरी ने उन्हें 2016 के चुनाव को अवैध रूप से प्रभावित करने की योजना के तहत व्यापारिक रिकॉर्डों में हेराफेरी करने के 34 आरोपों में दोषी पाया था. यह एक पोर्न अभिनेता को चुप रहने के लिए दिए गए पैसे को छुपाने की योजना थी, जिसने दावा किया था कि उसने और ट्रंप ने यौन संबंध बनाए थे.

ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वे इस फैसले के खिलाफ अपील करने की योजना बना रहे हैं. उन्हें 11 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी. अपने पूरे अभियान के दौरान ट्रम्प ने यूएएफसी (वऋउ) मुकाबलों में अपनी उपस्थिति का उपयोग अपनी ताकत की छवि पेश करने तथा संभावित मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए किया है, जो राजनीति पर बारीकी से नजर नहीं रखते या पारंपरिक समाचार स्त्रोतों से नहीं जुड़ते.

बीजिंग स्थित बाइटडांस के स्वामित्व वाला टिकटॉक उन संभावित मतदाताओं तक पहुंचने का एक और अवसर है. इस प्लेटफॉर्म के अमेरिका में लगभग 170 मिलियन उपयोगकर्ता हैं. इनमें से अधितक युवा हैं. एक जनसांख्यिकी जो अभियानों के लिए विशेष रूप से कठिन है क्योंकि वे टेलीविजन से दूर रहते हैं. राष्ट्रपति के रूप में ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की. इसमें कहा गया था कि चीनी कंपनियों द्वारा विकसित और स्वामित्व वाले मोबाइल एप्लिकेशन का अमेरिका में प्रसार राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा था. टिकटॉक द्वारा मुकदमा दायर करने के बाद अदालतों ने कार्रवाई को रोक दिया।